मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 8 अंक 248
शुक्रवार, 27 मार्च 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## छिंदवाड़ा में भीषण हादसा: सीएम के कार्यक्रम से लौट रही बस पिकअप से टकराई, 10 की मौत; 30 घायल

**जबलपुर, 26 मार्च।** छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ थाना अंतर्गत सेमरिया हनुमान मंदिर के पास गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'हितग्राही सम्मेलन' से लौट रही एक बस और ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि लगभग 30 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे उमरानाला इलाके में हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस और ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत हुई। टक्कर के बाद यात्री बस के अंदर ही फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना खौफनाक था कि एक यात्री का



हाथ कटकर अलग हो गया, वहीं कई यात्रियों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही 20 से ज्यादा एंबुलेंस मौके पर पहुँचीं। हादसे के कारण सड़क पर 4 से 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसे खुलवाने और राहत कार्य में पुलिस प्रशासन जुटा हुआ है। छिंदवाड़ा एसपी ने घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और हताहतों के आंकड़ों की पुष्टि की है। मरने वालों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं, 1 बच्चा शामिल है। बस में कुल 41लोग सवार थे। सभी हितग्राही सम्मेलन से लौट रहे थे।सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। छिंदवाड़ा में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में शामिल होने गई थी, जहां मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बस यात्रियों को लेकर वापस उमरानाला की ओर जा रही थी, तभी रास्ते में यह काल बनकर आए ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।

प्रशासन और डॉक्टरों की पूरी टीम घायलों को बचाने में जुटी है। एसपी अजय पांडे ने कहा कि सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात हैं। घायलों को निकालने के लिए क्रेन और स्थानीय लोगों की मदद ली गई है। जिला अस्पताल में भी इमरजेंसी अलर्ट जारी कर दिया गया है ताकि घायलों को तत्काल उपचार मिल सके।

## ईरान ने भारत समेत 5 देशों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी, बोला-सिर्फ मित्र देशों के लिए खुला रास्ता

**नई दिल्ली, 26 मार्च।** ईरान ने भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान एवं इराक जैसे "मित्र देशों" को वाणिज्यिक नौवहन के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने यह जानकारी दी। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (द्रवीकृत प्राकृतिक गैस) का परिवहन होता है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार, अराघची ने कहा, "हमने कुछ ऐसे देशों को (होर्मुज




जलडमरूमध्य से) गुजरने की अनुमति दी है जिन्हें हम मित्र मानते हैं। हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान को आवागमन की अनुमति दी है।" ईरानी विदेश मंत्री ने साथ ही स्पष्ट किया कि ईरान के शत्रुओं से जुड़े पोतों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, "हम युद्ध की स्थिति में हैं। यह क्षेत्र युद्ध क्षेत्र बना हुआ है और हमारे दुश्मनों एवं उनके सहयोगियों के पोतों को इससे गुजरने देने का कोई कारण नहीं है लेकिन यह अन्य देशों के लिए खुला है।"

होर्मुज जलडमरूमध्य से वाणिज्यिक नौवहन में व्यवधान को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंताएं बढ़ी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि वह जलमार्ग को पूरी तरह से नहीं खोलता है तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पिछले कुछ सप्ताह में भारत ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त कराने और होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने पर केंद्रित कूटनीतिक प्रयास किए हैं। भारत का मानना है कि यदि इस नौवहन मार्ग पर अवरोध जारी रहा तो भारत सहित कई देशों की ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर इसके गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं।

## दुनिया में अराजकता, पीएम मोदी के राज में भारत सुरक्षित: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 26 मार्च।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मध्य पूर्व में चल रहे संघर्षों, विशेष रूप से ईरान, इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच चल रहे युद्धों के वैश्विक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच, और ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध से पूरा मध्य पूर्व प्रभावित है और लगभग पूरी दुनिया प्रभावित है। आदित्यनाथ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता बनी हुई है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि लेकिन दुनिया में अफरा-तफरी मची हुई है; अव्यवस्था और अराजकता फैली हुई है। भारत में, प्रधानमंत्री के शानदार और गौरवशाली नेतृत्व में, हम सुरक्षित हैं और निडर होकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के लोगों से संभावित चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने का आग्रह किया और राष्ट्रीय संकट के समय सरकार के साथ एकता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब कोई आपदा आती है या कोई चुनौती उत्पन्न होती है, तो उसका सामना करने के लिए व्यक्ति को सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार रहना चाहिए। यही सच्ची देशभक्ति है। जब हम किसी भी राष्ट्रीय मुद्दे पर सरकार के साथ मिलकर काम करते हैं, तो परिणाम हम सबके सामने होते हैं। हमारी देशभक्ति इसी से परिभाषित होगी कि यदि सरकार ने देश के हित में कोई कदम उठाया है, तो हम उसके लिए स्वयं को तैयार रखें। खाना पकाने के गैस सिलेंडरों से संबंधित चिंताओं को दूर करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि लाइन में लगने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सलाह दी कि युद्ध से पहले, अगर किसी के घर में एक गैस सिलेंडर एक महीने तक चलता था, तो आज वह पांचवें या छठे दिन सिलेंडर लेने के लिए क्यों दौड़ रहा है? सुनिए, जब आपकी बारी आने वाली हो, तो उससे तीन या पांच दिन पहले जाकर अपना पंजीकरण करवा लें, और खाना पकाने की गैस आपके घर पहुंच जाएगी। अफवाहें फैलाने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि कुछ लोग अफवाहें फैलाकर माहौल खराब करना चाहते हैं। कुछ लोग अव्यवस्था पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने गलत सूचनाओं से बचने के महत्व पर जोर दिया और जनता से शांत रहने का आग्रह किया।

## इजराइल से भारत की दोस्ती पर सवाल उठाने वाले राजनीतिक दलों को जयशंकर ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली, 26 मार्च।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जिस बेबाकी और ठोस अंदाज में भारत की विदेश नीति का पक्ष रखा है, उसने यह साफ कर दिया है कि नया भारत अब किसी दबाव में झुकने वाला नहीं, बल्कि अपने हितों के लिए हर मोर्चे पर आक्रामक और संतुलित रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। हम आपको बता दें कि बुधवार शाम हुई सर्वदलीय बैठक में जयशंकर की ओर से दिया गया बयान भारत की बदलती सामरिक सोच का जबरदस्त प्रदर्शन था। उन्होंने साफ कहा कि इजराइल ने भारत को सैन्य संघर्षों के दौरान महत्वपूर्ण मदद दी है और वह रक्षा प्रौद्योगिकी का भरोसेमंद साझेदार रहा है। यह बयान अपने आप में बहुत बड़ा संकेत है, क्योंकि अब तक इस तरह की बातों को खुले तौर पर स्वीकार करने से बचा जाता रहा था। असल में यह बयान उस समय आया जब विपक्ष की ओर से अमेरिका और इजराइल के साथ भारत की नजदीकियों पर सवाल उठाए जा रहे थे। जयशंकर ने इन सवालों का जवाब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि तथ्यों से दिया। उन्होंने बताया कि अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और उच्च स्तर की तकनीक का स्रोत है, जबकि इजराइल रणनीतिक और तकनीकी सहयोग में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। भारत ने एक साथ कई मोर्चों पर अपनी ताकत दिखाई है। जहां एक ओर इजराइल के साथ मजबूत रक्षा संबंध हैं, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ भी भारत ने अपने रिश्तों को मजबूती से बनाए रखा है। जयशंकर ने यह स्पष्ट किया कि ईरान ने भारत के प्रति मित्रतापूर्ण रुख दिखाते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से चार भारतीय जहाजों को गुजरने की



अनुमति दी, जबकि वहां युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। साथ ही पांच और जहाज रास्ते में हैं।

देखा जाये तो यह घटनाक्रम केवल कूटनीति नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का खेल है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की धुरी है। ऐसे में भारत के जहाजों को वहां से सुरक्षित मार्ग मिलना यह दिखाता है कि भारत ने अपनी रणनीतिक स्थिति कितनी मजबूत कर ली है। जयशंकर ने ईरान से जुड़े एक और संवेदनशील मुद्दे पर भी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने उन आरोपों को खारिज किया कि भारत ने ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर चुप्पी साधी। उन्होंने बताया कि भारत ने समय पर शोक संवेदना व्यक्त की और विदेश सचिव ने संवेदना पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने किसी एक पक्ष के साथ खड़े होने की बजाय पूरे क्षेत्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखा। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में रहने वाले अस्सी लाख भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारत ने अपने कदम बहुत सोच समझकर उठाए। और यही वह रणनीतिक परिपक्वता है जो भारत को अन्य देशों से अलग करती है। जब ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों से खाड़ी देशों में नाराजगी थी, तब भारत ने संतुलन बनाए रखा। न तो ईरान से दूरी बनाई और न ही खाड़ी देशों की अनदेखी की।

भारत की समुद्री रणनीति भी इस पूरे घटनाक्रम में उभरकर सामने आई। ईरान के नौसैनिक जहाज को कोच्चि बंदरगाह पर सुरक्षित ठिकाना देना और संभावित खतरे से बचाना यह दिखाता है कि भारत केवल जमीन पर ही नहीं, समुद्र में भी निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

अब इस पूरी कहानी का दूसरा महत्वपूर्ण अध्याय फ्रांस में खुलने जा रहा है, जहां जयशंकर जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यह केवल एक औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक भूमिका को और मजबूत करने का मंच है। यहां भारत न केवल अपनी बात रखेगा, बल्कि अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ता के जरिए नए समीकरण भी बनाएगा।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो भारत ने एक साथ तीन बड़े शक्ति केंद्रों अमेरिका, इजराइल और ईरान के साथ अपने रिश्तों को संतुलित रखा है। यह किसी भी देश के लिए आसान नहीं होता, लेकिन भारत ने इसे संभव कर दिखाया है।

## केरल में कांग्रेस जीतेगी 100 सीटें: शशि थरूर

**केरल, 26 मार्च।** कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने केरल विधानसभा चुनावों में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य में शून्य सीटों वाली पार्टी बताकर खारिज कर दिया। चुनाव से पहले बोलते हुए थरूर ने एएनआई से कहा कि यह मत भूलिए कि केरल में भाजपा की एक भी सीट नहीं है। असली मुकाबला यूडीएफ और एलडीएफ के बीच है। हमारे पास अच्छे उम्मीदवार हैं, अनुभवी उम्मीदवार हैं और कुछ नए चेहरे भी हैं। लोग एलडीएफ के कुशासन से तंग आ चुके हैं और भाजपा इसका समाधान नहीं है क्योंकि उनमें कोई क्षमता नहीं है। असल में, विधानसभा में उनकी एक भी सीट नहीं है और अगर उन्हें एक, दो या तीन सीटें भी मिल जाएं, तो वे बड़ी जीत का दावा करेंगे।

शशि थरूर ने आगे कहा कि लोग सकारात्मक सोच वाली, नई और ताजगी भरी सरकार चाहते हैं, जो केरल का सपना है। मेरा बस यही संदेश है। कांग्रेस पार्टी केरल में 85 से 100 सीटें जीतेगी। बी टीम विवाद पर बोलते हुए थरूर ने कहा कि यह सरासर बेतुका है। हमें किसी की भी बी टीम से कोई मतलब नहीं है क्योंकि हम केरल की ए टीम हैं।



भाजपा और एलडीएफ, दोनों ही नहीं चाहते कि कांग्रेस पार्टी राज्य में सत्ता में आए। हमारा समझौता केरल की जनता के साथ है, और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि केरल की जनता और उनके हित हमारे साथ सुरक्षित रहें।

राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि चुनावों में भी किसी भी पार्टी ने महिलाओं को पर्याप्त सीटें नहीं दी हैं।

## काला सागर में रूसी तेल जा रहे तुर्किये के टैंकर पर ड्रोन हमला, सीधा इंजन रूम पर साधा निशाना

**ईरान।** काला सागर क्षेत्र में एक बड़ा समुद्री सुरक्षा हादसा सामने आया है। Turkey का एक तेल टैंकर Bosphorus Strait के पास ड्रोन हमले का शिकार हो गया। यह हमला उस समय हुआ जब जहाज रूस से कच्चा तेल लेकर आगे बढ़ रहा था।

अधिकारियों के मुताबिक, अल्तुरा नाम का यह टैंकर करीब 1,40,000 टन कच्चा तेल लेकर जा रहा था और बॉस्फोरस जलडमरूमध्य से लगभग 14 समुद्री मील दूर था। ड्रोन हमले में जहाज के ब्रिज और इंजन रूम को नुकसान पहुंचा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हमला बेहद सटीक तरीके से किया गया।

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध





# जलवायु परिवर्तनः भविष्य नहीं, वर्तमान का महाविनाशकारी संकट



-ललित गर्ग

आज मानव सभ्यता जिस सबसे बड़े संकट के सामने खड़ी है, वह युद्ध, महामारी या आर्थिक मंदी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन है। दुनिया आज जलवायु संकट के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर नया आंकड़ा खतरे की घंटी बनकर सामने आ रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि 2015-2025 का दशक अब तक का सबसे गर्म दौर रहा है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि पृथ्वी के बदलते स्वभाव का गंभीर संकेत है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है और पृथ्वी का एनर्जी इम्बैलेंस लगातार बढ़ रहा है। महासागर, जो जलवायु संतुलन के सबसे बड़े नियंत्रक माने जाते हैं, अब 90 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गर्मी सोख रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि पृथ्वी का तापमान केवल हवा में ही नहीं, जल और भूमि के भीतर भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन अब धीरे-धीरे आने वाली समस्या नहीं रही, बल्कि यह वर्तमान का संकट बन चुका है। दुनिया के अनेक हिस्सों में असामान्य गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रति का संतुलन बिगड़ रहा है और मौसम का मिजाज अनिश्चित होता जा रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है तो कहीं महीनों तक बारिश नहीं हो रही। यह असंतुलन सीधे-सीधे मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इस बदलते मौसम ने



सबसे ज्यादा मनुष्य के स्वास्थ्य पर हमला किया है।

भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। इसका असर केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि बिजली, पानी, खेती, श्रम, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी ने केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि वन्यजीव, पेड़-पौधे और सम्पूर्ण पारिस्थितिक तंत्र को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के पीछे सबसे बड़ा कारण मानव का विकास मॉडल है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को लगातार गर्म कर रहा है। आज वैश्विक तापमान लगभग एक लाख 25 हजार वर्षों के उच्चतम स्तर के आसपास पहुंच चुका है। यह स्थिति बताती है कि समस्या प्रकृति में नहीं, बल्कि मानव की जीवनशैली और विकास की दिशा में है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। युद्ध केवल मानव जीवन और अर्थव्यवस्था को ही नष्ट नहीं करते, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक, रसायन, धातु, ईंधन और आग से वातावरण में भारी मात्रा में जहरीली गैसें फैलती हैं। तेल भंडारों में आग, रासायनिक संयंत्रों का नष्ट होना और सैन्य गतिविधियां वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कई गुना बढ़ा देती हैं। इस प्रकार युद्ध और जलवायु परिवर्तन मिलकर पृथ्वी को दोहरे संकट की ओर धकेल रहे हैं। भारत सहित दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत जिले किसी न किसी जलवायु जोखिम के दायरे में आ चुके हैं। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। दूसरी ओर समुद्र का जलस्तर बढ़ने से मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि समुद्र स्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले दशकों में तटीय आबादी का बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है। यह केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट भी बन सकता है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं की गई, तो तापमान के नए-नए रिकॉर्ड टूटते रहेंगे और पृथ्वी रहने योग्य स्थान कम होती जाएगी। जल संकट, खाद्य संकट, स्वास्थ्य संकट और प्रवासन जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। दुनिया के अनेक वैज्ञानिक अब चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से बिगड़ सकता है। लेकिन इस संकट में ही अवसर भी छिपा हुआ है। यह समय विकास मॉडल को बदलने का है। ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा। शहरों को कंक्रीट के जंगल बनाने के बजाय हरित शहर बनाना होगा। जल प्रबंधन को जन आंदोलन बनाना होगा। वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और नदियों के संरक्षण पर गंभीरता से काम करना होगा। कृषि को जलवायु अनुकूल बनाना होगा, कम पानी वाली फसलों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। साथ ही जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान, जल संरक्षण योजना, वृक्षारोपण अभियान और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम लागू करने होंगे। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई केवल सरकारें नहीं जीत सकतीं, इसके लिए समाज, उद्योग, वैज्ञानिक और आम नागरिक सभी को मिलकर काम करना होगा। दुनिया की महाशक्तियों के लिए यह समय सबसे बड़ी परीक्षा का समय है। यदि वे केवल आर्थिक विकास और सैन्य शक्ति की दौड़ में ही उलझी रहीं और पृथ्वी के भविष्य की चिंता नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्हें यह समझना होगा कि पृथ्वी बचेगी तो अर्थव्यवस्था भी बचेगी, मानव सभ्यता भी बचेगी और विकास भी बचेगा। यदि पृथ्वी ही तपती और असंतुलित हो गई, तो सारी प्रगति बेकार हो जाएगी। आज आवश्यकता है कि दुनिया की महाशक्तियां कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए कठोर और बाध्यकारी नीतियां बनाएं, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करें, वनों की कटाई रोकें और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दें। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी का तापमान इतना बढ़ जाएगा कि अनेक क्षेत्र रहने योग्य नहीं रहेंगे। निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चुनौती नहीं, वर्तमान का संकट है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को एक असंतुलित और तपती हुई पृथ्वी विरासत में मिलेगी। यह तपती हुई पृथ्वी मानव जीवन के लिए विनाश का कारण भी बन सकती है। लेकिन यदि दुनिया समय रहते चेत गई, तो यही संकट एक नए, संतुलित और टिकाऊ विकास मॉडल की शुरूआत भी बन सकता है। पृथ्वी को बचाना अब विकल्प नहीं, मानव अस्तित्व की अनिवार्यता बन चुका है।

# क्या पाकिस्तान ईरान-इजरायल संकट के बीच एक 'दलाल राष्ट्र' है



अशोक भाटिया

क्या पाकिस्तान ईरान-इजरायल संकट के बीच एक 'दलाल राष्ट्र' है

हाल ही में अमेरिका-ईरान जंग में मध्यस्थता करने पर जयशंकर ने पारकिस्तान को अमेरिका का दलाल कहकर पुकारा। साथ ही ये भी कहा कि पाकिस्तान 1981 से ऐसा करता आ रहा है। यह कोई नई बात नहीं है। अमेरिका हमेशा उसका इस्तेमाल करता रहा है।

ईरान संकट पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष का सवाल था कि अमेरिका ईरान युद्ध में पाकिस्तान मध्यस्थता कर रहा है, हमारी भूमिका क्या है? इन सवालों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ साफ कहा कि भारत खुद को पाकिस्तान की तरह दलाल के रूप में नहीं देखता है। भारत की भूमिका प्रोडक्टिव है। भारत चाहता है कि शांति हो। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए पाकिस्तान और तुर्की जैसे देश मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशों में कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि अमेरिका 1981 से उस देश का इस्तेमाल कर रहा है। संसद परिसर में आयोजित इस बैठक में उन्होंने दो टूक कहा, हम कोई दलाल देश नहीं हैं।

सरकार ने विपक्षी नेताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को स्पष्ट संदेश दिया है कि पश्चिम एशिया में युद्ध जल्द खत्म होना चाहिए, क्योंकि इसका असर सभी पक्षों पर पड़ रहा है। भारत ने इस मुद्दे पर तनाव कम करने के अपने रुख को दोहराया है। सरकार ने विपक्ष के उन आरोपों को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि नई दिल्ली इस वैश्विक संकट पर खामोश है। सरकार ने पलटवार करते हुए कहा, हम स्थिति पर टिप्पणी भी कर रहे हैं और प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। कूटनीतिक सक्रियता का उदाहरण देते हुए बताया गया कि जब ईरान का दूतावास खुला, तो विदेश सचिव ने बिना किसी देरी के वहां जाकर शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए थे।

इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर का जवाब इतिहास के पन्नों को उधेड़ने वाला था। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पाकिस्तान की मध्यस्थता का जिक्र आने पर जयशंकर ने तंज कसते हुए कहा कि यह तो 1981 से चल रहा है, अमेरिका ने सालों से पाकिस्तान को ईरान के साथ बातचीत में लगा रखा है। सवाल ये कि आखिर 1981 में ऐसा क्या हुआ था, जिसका जिक्र कर विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की हैसियत और अमेरिका के साथ उसके रिश्तों की पूरी कलई खोल कर रख दी।

बात 1979 की है, जब ईरान में ऐतिहासिक इस्लामिक क्रांति हुई थी। इसी क्रांति के दौरान तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास पर ईरानी प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर लिया और 400 से ज्यादा दिनों तक अमेरिकी राजनयिकों को बंधक बनाए रखा। यह इतिहास का वह चर्चित बंधक संकट था जिसने अमेरिका और ईरान के रिश्तों में हमेशा के लिए एक गहरी खाई खोद दी। इस घटना के बाद 7 अप्रैल 1980 को अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक संबंध पूरी तरह से टूट गए। दोनों देशों ने एक-दूसरे के यहां अपने दूतावास बंद कर दिए और सीधी बातचीत का कोई रास्ता नहीं बचा। लेकिन अंतरराष्ट्रीय राजनीति में धुर विरोधी देशों को भी संवाद का कोई न कोई बैकचैनल या पिछला दरवाजा खुला रखना पड़ता है। यहीं से उस व्यवस्था का जन्म हुआ जिसे जयशंकर ने दलाली का नाम दिया। जनवरी 1981 में अमेरिका और ईरान के बीच अल्जीयर्स समझौता हुआ। इसके तहत तय किया गया कि दोनों देश एक-दूसरे की राजधानियों में किसी तीसरे तटस्थ देश के राजनयिक संरक्षण में अपने इंट्रेस्ट पर फोकस करेंगे। ईरान में अमेरिकी हितों की देखभाल का जिम्मा स्विट्जरलैंड के दूतावास को सौंपा गया, जो आज भी कायम है। वहीं, अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में ईरान के हितों की जिम्मेदारी शुरूआत में अल्जीरिया को दी गई थी। लेकिन 1992 में अल्जीरिया में हुए गृह युद्ध के दौरान जब ईरान ने वहां के इस्लामिक धड़े का समर्थन किया, तो अल्जीरिया ने यह जिम्मेदारी छोड़ दी। अल्जीरिया के हटते ही पाकिस्तान ने इस अवसर को लपक लिया और अमेरिका में ईरान का संरक्षक बन बैठा।

तब से लेकर आज तक अमेरिका में ईरान का जो भी आधिकारिक कामकाज होता है, वह पाकिस्तानी दूतावास की छतरी तले ही होता है। वाशिंगटन डीसी के 2209 विस्कॉन्सिन एवेन्यू स्थित पाकिस्तानी दूतावास के पते से ही 2015 तक ईरानी सरकार ने अमेरिका में अपना काम किया। बाद में जगह की कमी के कारण ईरान को दूसरी जगह दे दी गई। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि आज भी कानूनी और कूटनीतिक रूप से यह जगह पाकिस्तानी दूतावास का ही हिस्सा मानी जाती है और इसे पाकिस्तान का राजनयिक संरक्षण प्राप्त है। इस कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों को पाकिस्तानी प्रोटोकॉल कवर मिलता है। करीब 15 लाख ईरानी-अमेरिकियों के पासपोर्ट रिन्यू करने से लेकर जन्म और विवाह प्रमाण पत्र बनाने तक का सारा काम इसी दफ्तर से होता है।

इस पूरी व्यवस्था को देखकर साफ समझ आता है कि पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच महज एक डाकघर की भूमिका निभाता है। जो भी देश इन दोनों धुर विरोधियों के बीच बातचीत का सूत्रधार बनता है, उसके कागजात इस्लामाबाद के जरिए ही आगे बढ़ते हैं। यह पाकिस्तान की उस अवसरवादी और दोहरी नीति का सबसे बड़ा उदाहरण है जहां वह एक तरफ कर्जे के लिए ईरान के कट्टर प्रतिद्वंद्वी सऊदी अरब के सामने हाथ फैलाता है और खुद को सुन्नी दुनिया का मसीहा बताता है, तो दूसरी तरफ अमेरिका में तेहरान (शिया शक्ति) का राजनयिक चैनल भी चलाता है। जयशंकर का इशारा पाकिस्तान की इसी भूमिका की ओर था कि वह 1981 में बनी व्यवस्था के तहत आज भी दोनों पक्षों के बीच एक किराए के संदेशवाहक का काम कर रहा है।

जयशंकर का 1981 का जिक्र केवल इस कूटनीतिक डाकघर तक ही सीमित नहीं था, बल्कि यह उस साल की ओर भी सीधा इशारा था जब अमेरिका ने पाकिस्तान को अपने भू-राजनीतिक मोहरे के रूप में पूरी तरह से खरीद लिया था। 1979 में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के आक्रमण के बाद अमेरिका को इस क्षेत्र में एक ऐसे मोहरे की जरूरत थी जो चंद डॉलरों के एवज में उसके इशारों पर काम कर सके और अपनी जमीन का इस्तेमाल करने दे। पाकिस्तान इस काम के लिए खुशी-खुशी तैयार हो गया। इसके बाद 1981 में रोनाल्ड रीगन के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन और पाकिस्तान के बीच एक बेहद अहम सैन्य और आर्थिक समझौता हुआ।

इस डील के तहत अमेरिका ने पाकिस्तान की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के नाम पर 3-2 बिलियन डॉलर का भारी-भरकम 5 वर्षीय पैकेज मंजूर किया। इसी समझौते के तहत पाकिस्तान को पहली बार अत्याधुनिक एफ-16 (F-16) लड़ाकू विमानों की खेप मिली थी। इस कदम ने दक्षिण एशिया के सैन्य संतुलन को पूरी तरह से बिगाड़ दिया था। अमेरिका पाकिस्तान की इन सेवाओं से इतना खुश था कि उसने पाकिस्तान के गुपचुप तरीके से चल रहे परमाणु संवर्धन कार्यक्रम की पूरी तरह से अनदेखी कर दी।

अमेरिका ने अपने ही परमाणु अप्रसार कानूनों से पाकिस्तान को खास छूट दे दी, ताकि उसे बेरोकटोक हथियार बेचे जा सकें। यह वह दौर था जब पाकिस्तान ने डॉलर और हथियारों की चमक के आगे अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का सौदा कर दिया था। अमेरिका ने सोवियत संघ के खिलाफ छद्म युद्ध (Proxy War) लड़ने के लिए पाकिस्तान को एक भाड़े के सैनिक की तरह इस्तेमाल किया। भारत ने उस वक्त भी अमेरिका के इस कदम का कड़ा विरोध किया था और इसे अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक सीधा खतरा बताया था।

बताया जाता है कि अमेरिका की तरफ से पाकिस्तान और तुर्किए दोनों ही ईरान के सामने प्रस्ताव रखा कि मिडिल ईस्ट में छिड़े युद्ध को रोकने के लिए शांति वार्ता पाकिस्तान या तुर्किए में हो सकती है।समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पाकिस्तान और तुर्किए के अमेरिका की तरफ से भेजे प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ईरान ने अमेरिका के सामने पांच शर्तें भी रखी हैं, जिनमें स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर ईरान को पूर्ण अधिकार मिलने की बात कही गई है।

# धुरंधर 2 से कैसे बेनकाब हुई अखिलेश की मुस्लिम परस्त राजनीति



-अजय कुमार

रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर जितनी धमाकेदार है, उससे कहीं ज्यादा राजनीति के गलियारों में तूफान मचा रही है। फिल्म में 'अतीक अहमद' नामक एक ऐसा किरदार दिखाया गया है, जो असल माफिया अतीक अहमद से मेल खाता है। इस किरदार के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से कथित संबंधों को दिखाए जाने को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। फिल्म की कहानी ने जो रंग उड़ाया है, उसमें सबसे ज्यादा बेचैनी समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव को है। और यही बेचैनी खुद ब खुद सपा की मुस्लिम राजनीति की असलियत को बेनकाब कर रही है।अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सरकार ऐसी प्रोपेगेंडा फिल्में बनाने पर पैसा खर्च कर रही है जो दूसरी पार्टियों को बदनाम करती हैं, और यहां तक कि फिल्म की रिलीज पर भी पैसे बहाए जा रहे हैं। यह बयान राजनीतिक दृष्टि से समझना जरूरी है। अखिलेश यादव की यह प्रतिक्रिया केवल एक फिल्म के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी उस राजनीतिक मजबूरी को दशार्ती है जो मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है।

फिल्म में दिखाया गया है कि किरदार का पाकिस्तान के आईएसआई चीफ से सीधा कनेक्शन है, पंजाब में ड्रोन से गिराए गए अवैध हथियार उस तक पहुंचाए जाते हैं, लश्कर-ए-तैयबा से संबंध हैं और जाली नोट नेपाल के रास्ते भारत लाए जाते हैं। यूपी की राजनीति में भी उसका दखल दिखाया गया है। इस किरदार की पहचान सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद से जोड़ी जा रही है, और यही जुड़ाव समाजवादी पार्टी को सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है।सवाल यह है कि अखिलेश यादव इस फिल्म पर इतने आग-बबूला क्यों हैं? अतीक अहमद समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत चुका था और सपा प्रमुख इस फिल्म को प्रोपेगेंडा करार दे रहे हैं। लेकिन जिस तरह की बेचैनी अखिलेश ने दिखाई है, वह यह साबित करती है कि यह फिल्म उनकी मुस्लिम वोट की राजनीति की नींव हिला रही है। राजनीतिक गलियारों में एक तस्वीर काफी चर्चित रही है, जिसमें सपा नेता मुलायम सिंह यादव अतीक अहमद के घर गए थे। यह रिश्ता केवल एक संयोग नहीं था, बल्कि उस राजनीतिक समीकरण का हिस्सा था जिसे सपा ने वर्षों तक सींचा।

सपा से ही निष्कासित विधायक पूजा पाल ने सीधे आरोप लगाया कि अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा फाइनेंसर था और उसकी मौत का दुख आज भी सपा को सता रहा है। पूजा पाल के इस बयान ने सपा की आंतरिक कलह को सतह पर ला दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अतीक अहमद ने उनकी तरह हजारों युवाओं की जिंदगी बर्बाद की और सपा के संरक्षण में वह वर्षों तक फलता-फूलता रहा।सपा प्रमुख और पूरी समाजवादी पार्टी 'धुरंधर 2' को लेकर केंद्र सरकार पर आरोप तो लगा रही है, लेकिन 'आर्टिकल 15' जैसी फिल्मों पर उनकी जुबान नहीं खुलती, जिनमें ब्राह्मणों और हिंदुओं को बदनाम किया गया। यह दोहरापन ही सपा की असली राजनीति है। जब बात मुस्लिम समुदाय से जुड़े किरदार की आती है तो पार्टी सड़क पर उतर आती है, लेकिन दूसरे समुदायों को लेकर बनी फिल्मों पर खामोशी साध लेती है।

एआईएमआईएम नेता शौकत अली ने भी दावा किया कि यह फिल्म मुसलमानों को बदनाम करने के लिए बनाई गई है। उन्होंने अतीक अहमद का नाम लिए बिना कहा कि जब वे जिंदा थे तो आईएसआई के एजेंट नहीं थे, लेकिन मरने के बाद उन्हें आईएसआई का एजेंट बना दिया गया। यह बयान दिलचस्प है क्योंकि यह सीधे सपा की मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति से जुड़ता है। जब भी ऐसी कोई फिल्म या घटना सामने आती है, विपक्ष एकजुट होकर मुस्लिम भावनाओं को हवा देने की कोशिश करता है।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि अतीक अहमद जो करता था वही फिल्म में दिखाया गया तो इसमें बुरा क्या है। यह जवाब उस बहस की दिशा तय करता है जिसे सपा ने खुद शुरू किया। यदि कोई माफिया वाकई आईएसआई से जुड़ा था, तो उसे पर्दे पर दिखाना क्या गलत है? सपा का विरोध यह संदेश देता है कि वह उस माफिया की विरासत को सुरक्षित रखना चाहती है जो उसके वोट बैंक का हिस्सा रहा। 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं और ऐसे में यह फिल्म सपा के लिए एक बड़ी राजनीतिक चुनौती बनकर उभरी है। बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी ने अखिलेश यादव पर पलटवार किया और कहा कि जब सपा की सरकार थी तब उन्होंने कुछ नहीं किया। यानी यह फिल्म उन पुराने घावों को ताजा कर रही है जो सपा अब तक भुलाने में लगी थी। 'धुरंधर 2' ने अखिलेश यादव की उस राजनीति की पोल खोल दी है जो एक तरफ पीडीए यानी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक के नाम पर मुस्लिम वोट समेटने की कोशिश करती है, और दूसरी तरफ उन तथ्यों पर पर्दा डालने की जुगत लगाती है जो उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं। एक फिल्म ने यह साबित कर दिया है कि मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति पर टिकी सपा की नाव जितनी मजबूत दिखती है, अंदर से उतनी ही खोखली है।

# एलपीजी संकट से खाने-पीने का धंधा चौपट, बेरोजगारी, पलायन बढ़ा



-संजय सक्सेना

मार्च 2026 का महीना भारत के लाखों रेस्तरां मालिकों, ढाबेदारों और छोटे खाने-पीने के कारोबारियों के लिए एक बुरे सपने जैसा बन गया है। देश के सबसे बड़े सुबह उत्तर प्रदेश के छोटे-बड़े शहरों से लेकर गांव-देहात तक में एलपीजी गैस संकट ने खानपान के धंधे में लगे लोगों की कमर तोड़ दी है। यूपी ही नहीं, दिल्ली की गलियों से लेकर मुंबई के फुटपाथ तक, बेंगलुरु के होटलों से लेकर आंध्र प्रदेश के दूरदराज के ढाबों तक हर जगह एक ही चिंता हैः एलपीजी गैस कहां से आएगी?मार्च 2026 के पहले सप्ताह में यह संकट तब शुरू हुआ जब ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच सैन्य संघर्ष के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य व्यावहारिक रूप से बंद हो गया, जो दुनिया के इतिहास में पहली बार हुआ। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है और वित्त वर्ष 2025 में उसने 3.13 करोड़ मीट्रिक टन एलपीजी की खपत की। देश अपनी जरूरत का करीब 67 फीसदी एलपीजी आयात करता है, जिसमें से लगभग 90 फीसदी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। जब यह रास्ता बंद हुआ, तो भारत की रसोई की नब्ज थम-सी गई।घरेलू उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति में 80 फीसदी तक की कटौती कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि यूपी, बिहार, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोच्चि जैसे बड़े शहरों में हजारों रेस्तरां और होटल या तो बंद हो गए या उन्हें लकड़ी और कोयले पर वापस लौटना पड़ा।

नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के अध्यक्ष सागर दरयानी ने कहा कि यह एक संकट की स्थिति है, जो अगले कुछ दिनों में कई रेस्तरां बंद करा देगी। उन्होंने बताया कि भारत के 90 फीसदी रेस्तरां अपनी रसोई चलाने के लिए एलपीजी सिलेंडर पर निर्भर हैं। उद्योग पहले से ही कम मांग और उच्च लागत से जूझ रहा था, लेकिन अगर एलपीजी आपूर्ति की समस्या बनी रहती है, तो इससे ₹कारोबार बंद होंगे और नौकरियां जाएंगी। रेस्तरां उद्योग के जानकार और कई ब्रांड के संस्थापक जोरावर कालरा ने इस संकट की तुलना मार्च 2020 के कोविड लॉकडाउन के शुरूआती दिनों से की। उन्होंने कहा कि रेस्तरां क्षेत्र कृषि के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला उद्योग है, जो सीधे तौर पर करीब 80 लाख लोगों को रोजगार देता है और इतने ही लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से। यह 6.6 लाख करोड़ का पारिस्थितिकी तंत्र है, जो हर दिन जीडीपी में करीब 1,800 करोड़ का योगदान देता है।कालरा ने अनुमान जताया कि अगर एलपीजी आधारित संचालन बंद हो जाए, तो दैनिक नुकसान 1,200 से 1,300 करोड़ के बीच हो सकता है। सबसे बुरी मार छोटे ढाबेदारों और रेहड़ी-पटरी वालों पर पड़ रही है, जिनकी पूरी आजीविका एक-दो सिलेंडर पर टिकी है। उत्तर प्रदेश में कुछ होटल मालिकों का कहना है कि उनके पास केवल एक या दो दिन का गैस भंडार बचा है और सिलेंडर की उपलब्धता 40 से 50 फीसदी तक घट गई है।

लखनऊ के रकाबगंज इलाके में रहने वाली चंदनी, जो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी हैं, डेढ़ साल तक बिना रुकावट गैस पाती रहीं। लेकिन जब उनका रिफिल नहीं आया, तो वो फिर से लकड़ी की ओर लौट गईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लकड़ी की कीमत 10 से बढ़कर ?20 प्रति किलो हो गई है।संकट का असर खाने-पीने के कारोबार तक ही सीमित नहीं है। व्यवसाय ये बढ़ी हुई लागत उपभोक्ताओं पर डाल रहे हैं, जिससे खाने की कीमतें और महंगाई बढ़ रही है। यह संकट दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों में सबसे गंभीर है, जबकि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के बुनियादी ढांचे वाले शहर अपेक्षाकृत कम प्रभावित हैं। इस संकट ने लॉन्ड्री और कांच-सिरेमिक जैसे कारखानों को भी प्रभावित किया है। पुणे में एक गैस चालित शवदाह गृह तक बंद करना पड़ गया। संसद के बाहर विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की।सरकार के कदमों की बात करें तो 8 मार्च 2026 को सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने के आदेश दिए। घरेलू उत्पादन में करीब 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई। इसके अलावा लगभग 48,000 किलोलीटर केरोसीन वैकल्पिक ईंधन के रूप में जारी किया गया और शहरी इलाकों में सिलेंडर बुकिंग के बीच का न्यूनतम अंतराल 21 से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया। 12,000 से अधिक छापे मारे गए और जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए 15,000 से ज्यादा सिलेंडर जब्त किए गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने रेस्तरां, होटल और अन्य व्यावसायिक उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति के लिए प्रतिनिधित्व की समीक्षा हेतु एक समिति बनाने की भी घोषणा की।हालांकि, कालरा ने बताया कि रेस्तरां केवल 19 किलो के व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग कर सकते हैं और घरेलू सिलेंडर पर नहीं जा सकते। करीब 75 फीसदी रेस्तरां एलपीजी पर निर्भर हैं, जबकि केवल 25 फीसदी के पास पाइप्ड गैस का विकल्प है।यह संकट कब तक चलेगा, यह सवाल सबसे बड़ा है। ईरान के राजदूत ने कहा कि उनका देश कुछ ईंधन जहाजों को भारत के लिए होर्मुज से गुजरने की अनुमति के लिए 22 जहाज अभी भी फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। जब तक होर्मुज की राह नहीं खुलती और कूटनीतिक समाधान नहीं निकलता, भारत के लाखों खाने-पीने के कारोबारियों की थाली खाली और चूल्हा ठंडा ही रहेगा।

# रवी फसल की कटाई, चहुँओर खुशी छाई

-विक्रम दयाल



-विक्रम दयाल

रवी की फसल की कटाई के समय ग्रामीण इलाकों में खुशी का माहौल चारो तरफ होता है। नवरात्रि की नौ देवियाँ हमें नए वर्ष कि शुरूआत के लिए प्रेरित करती है। रवी की फसल भारत में सर्दियों में बोई जाने वाली फसल है, जो मुख्य रूप से गेहूँ, जौ, चना, मटर, सरसो और अलसी होती है। यह फसल अक्टूबर से नवम्बर तक बोई जाती है और मार्च से अप्रैल तक कटाई की जाती है। फसल की कटाईः फसल की कटाई एक महत्वपूर्ण समय होता है, जब किसान अपनी मेहनत का फल पाते हैं। इस समय मेॉ किसान अपनी फसलों को काटते हैं, उसे सुखाते हैं, और फिर उसे बाजार में बेचते हैं। यह समय खुशी और उत्सव का होता है, क्योंकि किसान वअपनी फसल की अच्छी पैदावार के लिए भगवान का धन्यवाद करते हैं। नवरात्रि का उत्सव एक प्रमुख हिंदू त्यौहार है, जो नौ दिनों तक चलता है। यह त्यौहार देवी दुर्गा के नौ रुपों कि पूजा के लिए मनाया जाता है, जो अच्छाई की जीत का प्रतीक है। नवरात्रि के दौरान लोग देवी दुर्गा की पूजा करते है, गरबा, दांडिया, रास खेलते हैं, और अपने परिवार दोस्तों के साथ मिलकर उत्सव मनाते हैं। नव वर्ष नये साल की शुरूआत का समय होता है, जब लोग अपने पुराने वर्ष के अनुभवों से सीखते हैं और नये वर्ष के लिए लक्ष्य बनाते हैं। यह समय नये अवसरों और चुनौतियों काट होता है, और लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर इसे मनाते हैं। चैत नवरात्रि और रामनवमी का संबंधः- चैत नवरात्रि और रामनवमी का संबंध बहुत ही गहरा है । नवरात्रि से नौ दिनों में, देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, और नवमी के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। इसलिए, चैत नवरात्रि को रामनवमी से जोड़ कर देखते हैं, और यह त्यौहार भगवान राम की पूजा और उनकी जीत का उत्सव मनाता है। हिंदू का नव वर्ष चैत महीने से शुरू होता है, और नवरात्रि भी चैत मैं आती है। चैत नवरात्रि का उत्सव उत्तर प्रदेश में घर घर मनाया जाता है, जबकि शारदीय नवरात्रि में ढ़ोल नगाड़े, नाच गाना ज्यादा होता है, वह भी केवल शहरों में। चैत नवरात्रि का महत्वः- चैत नवरात्रि का उत्सव उत्तर प्रदेश में बहुत महत्व रखता है, क्योंकि यह समय रवी फसल कि कटाई का होता है। किसान अपनी फसल की अच्छी पैदावार के लिए देवी दुर्गा की पूजा करते हैं, और यह त्यौहार खुशी और उत्सव का समय होता है। शारदीय नवरात्रि का महत्वः- शारदीय नवरात्रि का उत्सव शहरों में ज्यादा मनाया जाता है, क्योंकि यह समय त्यौहारों का होता है, और लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर उत्सव मनाते हैं। ढ़ोल नगाड़े, नाच गाना, और गरबा जैसे आयोजन शहरों में ज्यादा होते हैं, जो लोगों को आकर्षित करते हैं। फर्क क्यों हैं? :- फर्क यह है कि चैत नवरात्रि का उत्सव अधिक पारंपरिक और ग्रामीण होता है, जबकि शारदीय नवरात्रि का उत्सव अधिक आधुनिक और शहरी होता है। चैत नवरात्रि में लोग अपने घरों में पूजा करते हैं, जबकि शारदीय नवरात्रि में लोग बाहर निकल कर उत्सव मनाते हैं। शारदीय नवरात्रि का उत्सव मथुरा में भगवान कृष्ण के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ था, और उनकी पूजा शारदीय नवरात्रि के दौरान की जाती है। इस समय मथुरा में बहुत बड़े पैमाने पर उत्सव मनाया जाता है, जिसमें ढोल नगाड़े, नाच गाना, और गरबा जैसे आयोजन होते हैं। चैत नवरात्रि कॉा उत्सव अयोध्या में भगवान राम के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है । भगवान राम का जन्म अयोध्या मैं हुआ था, और उनकी पूजा चैत नवरात्रि के दौरान की जाती है। इस समय अयोध्या में बहुत बड़े पैमाने पर उत्सव मनाया जाता है, जिसमें लोग अपने घरों मैं पूजा करते हैं और भगवान राम की जयकार करते हैं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तलवाड़ा में एच.पी.वी. वैक्सीनेशन कार्यक्रम का क्रियान्वयन




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तलवाड़ा में 25 मार्च 2026 को आयोजित ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एच.पी.वी.) वैक्सीनेशन कार्यक्रम का योजनाबद्ध व प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। इस आयोजन के तहत उपकेंद्र मेढी क्षेत्र की योग्य लड़कियों का चयन कर उन्हें एच.पी.वी. वैक्सीन दी गई।

वैक्सीनेशन कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों का पंजीकरण, चिकित्सा जांच, वैक्सीनेशन के बाद निगरानी और आवश्यक स्वास्थ्य मार्गदर्शन का पालन सख्ती से किया गया। सरकारी दिशा-निर्देशों के तहत वैक्सीनेशन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाया गया, जिसमें लाभार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई। इस कार्यक्रम की सफलता में चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम, आशा कार्यकताओं एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों का समन्वित योगदान रहा। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान एच.पी.वी. वैक्सीनेशन के महत्व और गर्भाशय के कैंसर से सुरक्षा के बारे में लाभार्थियों तथा उनके अभिभावकों को जागरूक किया गया। इसके अलावा, शीघ्र निदान और नियमित जांच की आवश्यकता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ, समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

## पालघर जिले में पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** हाल ही में वैश्विक स्तर पर उत्पन्न युद्धजन्य परिस्थितियों के बीच कुछ स्थानों पर पेट्रोल व डीजल की कमी को लेकर अफवाहें फैलने की खबरें आ रही हैं। हालांकि पालघर जिले में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से जारी है और किसी भी प्रकार की कमी का सामना नहीं किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अफवाह फैलाना या गलत सूचना प्रसारित करना कानूनी अपराध है और इस प्रकार के कृत्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पालघर जिले में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, इसलिए नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे पेट्रोल और डीजल का अनावश्यक संग्रहण न करें और झूठी अफवाहों पर विश्वास कर बिना कारण पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगायें। पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है, और नागरिकों से अपील की गई है कि वे शांति बनाये रखें एवं प्रशासन को सहयोग करें। पालघर जिले में पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं है, इसलिए नागरिकों से अनुरोध है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और शांतिपूर्वक अपने सामान्य कामकाज को जारी रखें। इस संदेश के माध्यम से पालघर जिला प्रशासन ने नागरिकों से शांतिपूर्वक व संयम बनाये रखने की अपील की है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सायवन में कुटुंब नियोजन शस्त्र क्रिया शिबिर का आयोजित

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर जिले के प्राथमिक आरोग्य केंद्र सायवन में कुटुंब नियोजन शस्त्रक्रिया शिबिर का सफल आयोजन किया गया। इस शिबिर का आयोजन प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र चव्हाण की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ।

शिबिर के दौरान कुल 25 लाभार्थियों पर कुटुंब नियोजन शस्त्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई। शस्त्रक्रिया से पहले प्रत्येक लाभार्थी की पूरी चिकित्सा जांच की गई, साथ ही समुपदेशन तथा आवश्यक वैद्यकीय प्रक्रिया का पालन किया गया। शस्त्रक्रिया के बाद, रोगियों को उचित देखभाल व मार्गदर्शन प्रदान किया गया, ताकि उनकी रिकवरी ठीक से हो सके।

कुटुंब नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राथमिक आरोग्य केंद्र सायवन के चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने मिलकर उत्कृष्ट कार्य किया। इस आयोजन के माध्यम से कुटुंब नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और समाज में स्वस्थ परिवार नियोजन को बढ़ावा मिलेगा, ऐसी उम्मीद व्यक्त की गई है।

## पटना में PGTI NEXTGEN ALPHA गोल्फ चैंपियनशिप का सफल आयोजन




**मुंबई/पटना।** राजधानी पटना में आज PGTI NEXTGEN ALPHA गोल्फ चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतिष्ठित टूनामेंट प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित हुआ, जो देश के उभरते गोल्फ खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इस प्रतियोगिता में देशभर से 72 प्रतिभाशाली प्रोफेशनल एवं उभरते गोल्फ खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए भारतीय गोल्फ के उज्ज्वल भविष्य की झलक पेश की।

यह चैंपियनशिप खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और प्रोफेशनल सर्किट में आगे बढ़ने के लिए एक सशक्त अवसर प्रदान करती है। प्रतियोगिता में कोलकाता के सुनीत चौरसिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि नोएडा के विपिन मुखिया उपविजेता रहे।

विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह में ALPHA स्पोर्ट्स अकादमी के फाउंडर सुमित प्रकाश, को-फाउंडर अस्मिता चौधरी, PGTI के चीफ बिजनेस ऑफिसर विकास, पटना गोल्फ क्लब के कैप्टन विशाल सहाय तथा सेक्रेटरी अरविंद सिंह द्वारा ट्रॉफी एवं पुरस्कार राशि प्रदान की गई। विजेता को 317875 व उपविजेता 267875 रुपये उपहार स्वरूप दी गईं।

# मंत्री प्रताप सरनाईक अग्नि काण्ड घटनास्थल पर पहुंचे, नगर निगम अधिकारियों को लगाई फटकार

**तारकेश्वर पांडे**

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा रोड स्थित प्लेजेंट पार्क क्षेत्र में कृष्णास्थल परिसर के गोदाम में लगी भीषण आग ने न केवल इमारत को नष्ट किया है, बल्कि कई आम लोगों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया है। दिल दहला देने वाली और आक्रोशजनक घटना है घटना को संज्ञान में लेते हुए, महाराष्ट्र राज्य के परिवहन मंत्री और धराशिव जिले के पालक मंत्री प्रताप इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक आज घटनास्थल पर पहुंचे और प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने न केवल निरीक्षण किया, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का पंचनामा भी किया और दोषी अधिकारियों को करारा जवाब दिया।

घर-घर शोक संवेदना; तत्काल सहायता के आदेश। मंगलवार, 24 मार्च की रात लगी भीषण आग ने चार पड़ोसी इमारतों को राख में बदल दिया। इस आग में कई मध्यमवर्गीय परिवारों के घर जलकर राख हो गए। भयावह दृश्य देखकर मंत्री सरनाईक प्रत्येक प्रभावित परिवार के घर गए और उनसे पूछताछ की। नागरिकों की चीखें सुनकर उन्होंने मीरा भायंदर नगर निगम के आयुक्त, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों, तथा तहसीलदारों को तत्काल मौके पर बुलाया। और प्रत्येक क्षतिग्रस्त घर का पंचनामा अगले 24 घंटों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। मंत्री ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा, यादि प्रभावित नागरिकों को आर्थिक सहायता से वंचित रखा गया, तो ठीक नहीं होगा। आगे मंत्री सरनाईक ने इस भयावाह संकट के लिए नगर निगम के भ्रष्टाचार और लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने पुलिस प्रशासन को अवैध



रूप से चल रहे गोदामों, शेडों और स्टूडियो के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया है। उन्होंने नगर निगम की कार्यकुशलता पर सवाल उठाते हुए कहा, अगर नगर निगम ने समय रहते इन अनाधिकृत निमार्णों पर कार्रवाई की होती, तो आज यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति नहीं आती।

सरकार मराठी जनता के साथ मजबूती से खड़ी है। मंत्री प्रताप सरनाईक ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में मराठी भाई रहते हैं, और हम किसी भी परिस्थिति में मराठी लोगों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। सभी को उचित मुआवजा प्रदान करना नगरपालिका का नैतिक और कानूनी दायित्व है। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा, सरकार दुर्घटना पीड़ितों के साथ पूरी तरह खड़ी है। इस पूरी घटना के बारे में बात करते हुए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा, मीरा रोड में लगी इस आग में न सिर्फ घर जले हैं, बल्कि मेरी माताओं और बहनों की मेहनत और आम लोगों के सपने चकनाचूर हो गए हैं। नगर निगम की लापरवाही और भ्रष्टाचार इस भयानक त्रासदी के लिए जिम्मेदार है। मैंने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि प्रभावित परिवारों का पंचनामा अगले 24 घंटों के भीतर पूरा किया जाए, अन्यथा मैं तब तक चुप नहीं बैठूंगा जब तक कि कुर्सी हड़पने वाले अधिकारियों को उनकी औकात नहीं दिखा दी। मैं अपने लोगों के लिए ढाल बनकर खड़ा हूं। यह देखकर दिल टूट जाता है कि एक मध्यमवर्गीय परिवार को कुछ जमा करने के लिए सालों मेहनत करनी पड़ती है और पल भर में सब कुछ आग में राख हो जाता है। आज मैं यहां मंत्री बनकर नहीं, बल्कि आपके परिवार के सदस्य बनकर आया हूं। यह प्रताप सरनाईक तब तक चैन से नहीं बैठेगा जब तक कि अंतिम प्रभावित व्यक्ति को उसकी जरूरत की मदद नहीं मिल जाती और उसका घर नहीं बन जाता। सरकार पूरी तरह से आपके साथ खड़ी है। इस क्षेत्र में मराठी लोगों को प्राथमिकता दी जाती है और मैं मराठी लोगों के खिलाफ अन्याय कभी बर्दाश्त नहीं करूंगा। अब उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जो अनाधिकृत गोदामों के नाम पर लोगों की जान को खतरे में डाल रहे हैं। लापरवाही के कारण लगी इस आग की कीमत नगर निगम को चुकानी होगी। पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरा दायित्व है और मैं इसे पूरा करूंगा।

## भिवंडी के तीनबत्ती बाजार में अवैध अतिक्रमण पर मनपा ने बुलडोजर चलाकर सैकड़ों दुकानों पर किया कार्रवाई



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी महानगरपालिका के प्रभाग समिति क्रमांक 5 अंतर्गत तीनबत्ती, मंडई बाजारपेठ, मच्छी मार्केट और निजामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

बतादें कि लंबे समय से दुकानदारों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के कारण आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, साथ ही यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मनपा आयुक्त अनमोल सागर के निर्देश पर सहायक आयुक्त सईद चिवणे के नेतृत्व में, बीट निरीक्षक हनुमान म्हात्रे व पालिका पथक ने बुधवार सुबह से अभियान शुरू किया।

इस दौरान जेसीबी मशीन की मदद से सैकड़ों दुकानों के सामने किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में सड़कें काफी हद तक खुली नजर आईं और नागरिकों ने राहत की सांस ली। पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## Harrier.ev का नया फियरलेस+ QWD 75 मॉडल लॉन्च

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारत की सबसे बड़ी 4-पहिया EV निमार्ता कंपनी, TATA.ev, ने आज भारत की सबसे शक्तिशाली घरेलू SUV, Harrier.ev, के लिए बिल्कुल नया फियरलेस+ QWD 75 मॉडल लॉन्च किया है। इस लॉन्च के साथ, ग्राहक अब Harrier.ev की बेजोड़ सुपरकार जैसी परफॉर्मेंस और डुअल-मोटर क्वाड व्हील ड्राइव के साथ कहीं भी जाने की ऑफ-रोड क्षमता का आनंद और भी ज्यादा किफायती कीमत 26.49 Lakh (एक्स-शोरूम) पर ले सकते हैं।




acti.ev+ प्योर EV आर्किटेक्चर पर विकसित Harrier.ev फियरलेस+ QWD 75, 504 Nm का जबरदस्त टॉर्क और 0-100 kmph की रफ्तार 6.3 सेकंड में हासिल करने की क्षमता देती है, जिससे सभी ड्राइविंग परिस्थितियों में तुरंत एक्सीलरेशन और सटीक कंट्रोल मिलता है। इसमें छह टेरेन मोड भी हैं, जिनके साथ ऑफ-रोड असिस्ट और बूस्ट मोड भी मिलता है। डुअल-मोटर क्वाड व्हील ड्राइव सिस्टम ट्रैक्शन और स्थिरता को और भी बेहतर बनाता है, जिससे अलग-अलग तरह के रास्तों और असल दुनिया की सड़कों पर आत्मविश्वास भरी परफॉर्मेंस सुनिश्चित होती है।

फियरलेस+ QWD 75 में आराम और टेक्नोलॉजी फीचर्स का एक बेहतरीन मेल है। इनमें मेमोरी फंक्शन वाली 6-तरफा पावर्ड ड्राइवर सीट, 4-तरफा पावर्ड को-ड्राइवर सीट और आगे की वेंटिलेटेड सीटें शामिल हैं। यह गाड़ी 360-डिग्री कैमरे, JBL Black 10-स्पीकर ऑडियो सिस्टम, फ19 अलॉय व्हील्स और वॉयस-असिस्टेड डुअल-जोन पूरी तरह से ऑटोमैटिक टेम्परेचर कंट्रोल से लैस है। अतिरिक्त फीचर्स में एम्बिएंट लाइटिंग, पीछे की सीटों के लिए आरामदायक हेडरेस्ट और पीछे की खिड़कियों पर सनशेड शामिल हैं, जो रोजाना ड्राइविंग का एक संतुलित अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

इसके अलावा, ग्राहक को पूरी तरह से मन की शांति देने के लिए Harrier.ev फियरलेस+ QWD 75 में सहज ओनरशिप अनुभव के लिए अनलिमिटेड लाइफटाइम बैटरी वारंटी भी मिलती है। इसके साथ ही, इसका 5-स्टार Bharat-NCAP सर्टिफिकेशन, यात्रियों की सुरक्षा के प्रति टाटा मोटर्स की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

क्वाड व्हील ड्राइव टेक्नोलॉजी को ग्राहकों के लिए और ज्यादा सुलभ बनाने के बारे में टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हो रही है।

## प्रसिद्ध चित्रकार डा. लाल रत्नाकर की विशेष प्रदर्शनी माटी के रंग में सजेगी दुनिया का मुंबई में आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई में कला प्रेमियों के लिए एक खास अवसर सामने आया है जहां प्रसिद्ध कलाकार डा. लाल रत्नाकर की चुनिंदा चित्रकृतियों की एकल प्रदर्शनी माटी के रंग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 7 अप्रैल 2026 को शाम 5 बजे जहांगीर आर्ट गैलरी, काला घोड़ा में उद्घाटित होगी। इस प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में कई प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृह राज्य मंत्री (महाराष्ट्र सरकार) कृपा शंकर सिंह शामिल होंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा की विधायक डा. रागिनी सोनकर, प्रसिद्ध लेखक एवं अनुवादक डा.



वी. आर. विवेकी और सपा महाराष्ट्र/मुंबई के उपाध्यक्ष अजय कुमार यादव उपस्थित रहेंगे। डा. लाल रत्नाकर की यह प्रदर्शनी उनकी कला यात्रा और भारतीय संस्कृति से जुड़े विषयों को दर्शाती है। माटी के रंग शीर्षक के अनुरूप, उनकी चित्रकृतियों में ग्रामीण जीवन, परंपराएं और भारतीय लोक-संवेदनाएं प्रमुख रूप से झलकती हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से कलाकार ने मिट्टी से जुड़े जीवन, भावनाओं और सामाजिक सरोकारों को रंगों में उकेरने का प्रयास किया है। यह प्रदर्शनी 8 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी। दर्शक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक इन चित्रों का अवलोकन कर सकेंगे। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन कला प्रेमियों, छात्रों और शोधकताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा, जहां वे समकालीन कला और पारंपरिक विषयों के संगम को करीब से देख पाएंगे। मुंबई जैसे महानगर में इस तरह की प्रदर्शनी न केवल कला को बढ़ावा देती है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का भी कार्य करती है।

## रिंग रोड पर और कितनी जानें जाएंगी तब प्रशासन जागेगा, नागरिकों का आक्रोश

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण के रिंग रोड पर तेज रफ्तार (रैश ड्राइविंग) के कारण हुए हादसे में श्रीनिवास तांदळे नामक साइकिल सवार को अपनी जान गंवानी पड़ी। इस घटना के बाद रिंग रोड की सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर से गंभीर रूप से सामने आया है। नागरिकों ने गुस्से में सवाल उठाया है कि आखिर और कितनी मौतों के बाद प्रशासन जागेगा।

इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले साइकिल सवार को कल्याण साइक्लिस्ट ग्रुप, बाइकपोर्ट साइक्लिस्ट ग्रुप, रनर्स ग्रुप के सदस्य और अन्य नागरिकों ने रिंग रोड पर एकत्र होकर श्रद्धांजलि दी।

श्रीनिवास विजय तांदळे रिंग रोड पर सड़क के किनारे साइकिल चला रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पिछले कुछ वर्षों में कल्याण के इस रिंग रोड पर दुर्घटनाओं और उसमें होने वाली मौतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। फिटनेस के लिए मशहूर यह रिंग रोड, जहां लोग मॉर्निंग वॉक, जॉगिंग, साइक्लिंग और योगा करते हैं, अब एक तरह से मौत का जाल बनता जा रहा है। खासकर युवाओं के बीच यह स्थान काफी लोकप्रिय है और शाम के बाद यहां बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं। इसी वजह से यहां बाइक स्टंट, तेज रफ्तार में गाड़ियां चलाना और रेसिंग जैसी गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे कई गंभीर हादसे हो चुके हैं। नागरिकों ने मांग की है कि पुलिस और ट्रैफिक विभाग तुरंत सख्त कदम उठाएं, जैसे कि गश्त बढ़ाना, स्पीड लिमिट लागू करना, संकेतक बोर्ड लगाना, ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ कार्रवाई करना। इसके अलावा रिंग रोड पर बढ़ रहे अवैध ठेले, दुकानों और निर्माण पर कार्रवाई की जाए, स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं और आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इस मौके पर कल्याण साइक्लिस्ट ग्रुप की डॉ. रेहनुमा, संदेश परदेशी, संजय पाटील, बाइक पोर्ट के साहिर, डॉ. प्रशांत पाटील, अंतरराष्ट्रीय धावक दिलीप घाडगे, धावक व साइकिलिस्ट प्रशांत भागवत सहित कई नागरिक उपस्थित थे।

## भिवंडी में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की जिला पदाधिकारियों की पार्टी को मजबूत करने के लिए बैठक संपन्न

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (सेक्युलर) के ठाणे जिला प्रमुख पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हाल ही में भिवंडी में एडवोकेट सुजित जाधव की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के विस्तार, संगठनात्मक मजबूती और स्थानीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एड. सुजित जाधव ने कार्यकताओं की समस्याओं और शंकाओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्हें व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने पार्टी में आई निष्क्रियता को दूर करने तथा संलग्न संगठनों को पुनः सक्रिय करने के लिए ठोस उपाय सुझाए। इस बैठक में कार्यकताओं की नियुक्ति पर विशेष जोर दिया गया। नए पदाधिकारियों की नियुक्ति, मजबूत कार्यकारिणी के गठन और संगठन के विस्तार के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही आगामी



जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत चुनावों में पार्टी की रणनीति पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में जितेंद्र जाधव, अमोल तपासे, एड. अजिंक्य गायकवाड, एड. संदेश गायकवाड, सलीम सिद्दीकी, विजय भोईर, राजेंद्र गायकवाड, कैफ अंसारी, आसिफ शेख, प्रमोद थोरात, सुशांत जाधव, महेबूब अंसारी, अबूलैस अंसारी सहित कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बजाज फिनसर्व 'धुनिव्हर्स' का ग्रैंड फिनाले 31 मार्च को

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** देश की अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनी बजाज फिनसर्व ने अपने अनूठे डिजिटल-फर्स्ट संगीत टैलेंट प्लेटफॉर्म 'बजाज धुनिव्हर्स' के भव्य समापन की घोषणा कर दी है। इस संगीत महाकुंभ का ग्रैंड फिनाले आगामी 31 मार्च को मुंबई में आयोजित किया जाएगा, जहाँ दिग्गज संगीतकार तिकड़ी शंकर-एहसान-लॉय की उपस्थिति में 'वॉइस ऑफ द नेशन' का अनावरण होगा। पिछले छह महीनों से जारी इस तलाश ने भारतीय संगीत जगत में तकनीक और प्रतिभा के संगम का एक नया उदाहरण पेश किया है।

इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी विशेषता इसका डिजिटल स्वरूप रहा, जिसके कारण महानगरों से लेकर सुदूर गांवों तक के 60,000 से अधिक उम्मीदवारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। बिना किसी टेलीविजन विज्ञापन के मिली यह भारी प्रतिक्रिया दर्शाती है कि देश के कोने-कोने में संगीत की असीम क्षमता मौजूद है। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद शंकर-एहसान-लॉय ने 10 मुख्य प्रतियोगियों और एक वाइल्ड कार्ड एंट्री को फाइनल के लिए चुना है। विजेता को न केवल जी म्यूजिक कंपनी के साथ एक स्वतंत्र एल्बम रिकॉर्ड करने का मौका मिलेगा, बल्कि वे शंकर-एहसान-लॉय के साथ मिलकर बजाज की 'सॉनिक आइडेंटिटी' यानी कंपनी का आधिकारिक एंथम भी तैयार करेंगे।

इस पहल पर खुशी जाहिर करते हुए शंकर महादेवन ने कहा कि बजाज धुनिव्हर्स के बारे में मुझे सबसे अच्छी बात यह लगी कि इसका उद्देश्य भारत के हर कोने से संगीत प्रतिभा को ढूंढना और उन्हें आगे लाना है। डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण ने इस भागीदारी को सही मायने में समावेशी बना दिया है। वहीं, डिजिटल प्लेटफॉर्म के अध्यक्ष मानव मियानवाल ने बताया कि हम देश की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं और पहले साल मिले इस जबरदस्त प्रतिसाद से हमें भविष्य में इसे और भी बड़ा बनाने का साहस मिला है।

एहसान नूरानी और लॉय मेंडोन्सा ने भी प्रतिभागियों के स्तर की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक अनुभव बताया। इस पूरे सफर को बजाज धुनिव्हर्स के यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। 31 मार्च की शाम देश को अपना नया संगीत सितारा मिलने वाला है।

## अक्षय कुमार का मजेदार अंदाज बॉक्सर लेखा के साथ व्हील ऑफ फॉर्च्यून पर

**मुंबई/पटना।** व्हील ऑफ फॉर्च्यून का आने वाला एपिसोड एक बार फिर दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर देगा, जब होस्ट अक्षय कुमार और कंटेस्टेंट लेखा के बीच मजेदार बातचीत होगी। जो शुरूआत में एक साधारण बातचीत लगती है, वह जल्द ही लेखा की बॉक्सिंग स्किल्स और उनकी मासूमियत पर मजाकिया तकरार में बदल जाती है। अक्षय कुमार मजाकिया अंदाज में कहते हैं कि लेखा की मासूमियत धोखा भी दे सकती है। उन्होंने कहा, लेखा की मासूमियत एक इल्यूजन है, क्योंकि जब इसका हाथ चलता है तो सामने वाले का सिस्टम हिल जाता है। जैसे ही लेखा ने बताया कि वह बॉक्सर हैं, अक्षय ने तुरंत दर्शकों की तरफ रुख करते हुए मजेदार सवाल किया, यहाँ किसी को लगता है कि ये बॉक्सर नहीं है? या ये झूठ बोल रही है? यहाँ कोई है जो इससे लड़ना चाहता है? लेखा ने भी पूरे स्पोर्टिंग अंदाज में जवाब दिया, सर आप आ जाइए, आप तो इंडिया के फेवरेट खिलाड़ी हो। इस पर अक्षय ने तुरंत चुटीला जवाब दिया, ऐसा बोल रही हो, बाद में मुझे ही अनाड़ी बना दोगी! यह मजेदार नोकझोंक एपिसोड में एक अलग ही रंग भर देती है, और एक बार फिर साबित करती है कि अक्षय कुमार अपने होस्टिंग स्टाइल से हर पल को खास बना देते हैं। उनकी सहज और दिलचस्प बातचीत शो को और भी मनोरंजक बना देती है। ऐसे ही बेहतरीन और दिलचस्प पलों के साथ व्हील ऑफ फॉर्च्यून दर्शकों को सिर्फ गेम का रोमांच ही नहीं, बल्कि ढेर सारी मस्ती और हंसी भी देता है।



करौली बाबा जी

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय:**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# दिनदहाड़े कत्ल: आरोपी को गांव में घेरकर चाकुओं से उतारा मौत के घाट

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जलालपुर थाना क्षेत्र के सिरकोनी गांव में बुधवार को सनसनीखेज घटना में हत्या के एक आरोपी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर शव को करीब एक किलोमीटर दूर ले जाकर सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### ननिहाल में रह रहा था मृतक

आशीष उर्फ चिघड़ू चौहान पूर्व में हत्या के एक मामले में आरोपी था और इन दिनों जमानत पर बाहर चल रहा था। वह मड़ियाहूं स्थित अपने ननिहाल में रह रहा था। बुधवार को उसके बंदीपुर आने की सूचना पर ही हमलावरों ने घटना को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार जलालपुर के संघईपुर गांव निवासी आशीष उर्फ चिघड़ू चौहान पुत्र अरविंद चौहान बंदीपुर गांव के पास स्थित शराब ठेके पर मौजूद था। इसी दौरान एक दर्जन से अधिक युवक वहां पहुंचे और उसे दौड़ा लिया। जान बचाने के लिए आशीष सिरकोनी गांव की ओर भागा और कई घरों में घुसकर बचने का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों के खौफ से लोग सहमे रहे और किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया।

बताया जाता है कि हमलावरों ने गांव के एक घर के पीछे बने मड़हे में उसे घेर लिया और ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गांव में शोर मचने पर हमलावर शव उठाकर बंदीपुर की ओर ले गए और हाईवे से जुड़ी सड़क पर फेंककर फरार हो गए। सूचना पर थानाध्यक्ष गजानंद चौबे व उपनिरीक्षक सुजीत ओझा मय फोर्स मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# मुठभेड़ में हत्या के दो आरोपी घायल, गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना जलालपुर, थाना चंदवक, थाना केराकत, थाना जाफराबाद एवं एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने एक गंभीर कार्रवाई के दौरान हत्या के दो

### जौनपुर पुलिस की मिली बड़ी सफलता

अभियुक्तों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। इस दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 2 तमंचे (.315 बोर), 2 जिंदा कारतूस, 2 खोखा, 1 मोटरसाइकिल (टीवीएस राइडर) और घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी केराकत अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।





जानकारी के अनुसार, दिनांक 25.03.2026 को पंजीकृत हत्या मामले (मु0अ0सं0 130/2026) के आरोपी धनंजय चौहान उर्फ नंदू, अविनाश चौहान, आदर्श चौहान एवं भोले चौहान की पहचान सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और अन्य तकनीकी माध्यम से हुई। मुखबिर से सूचना मिलने पर टीमों ने ग्राम ओईना के पास घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान बाइक सवार अभियुक्तों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिस पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में शिवशंकर चौहान (26 वर्ष) और धनंजय चौहान उर्फ नंदू (20 वर्ष) घायल हो गए और गिरफ्तार कर लिए गए।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 2 तमंचे, 2 जिंदा कारतूस, 2 खोखा, 1 मोटरसाइकिल और घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ। दोनों अभियुक्तों पर पहले से हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे (थाना जलालपुर) और टीम के अन्य सदस्यों सहित थाना चंदवक, थाना केराकत, थाना जाफराबाद और एसओजी की टीमें शामिल रहीं।

पुलिस प्रशासन ने कहा कि जनपद में अपराध रोकने और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# थाना जफराबाद का डीआईजी ने किया निरीक्षण, अभिलेखों व व्यवस्थाओं की किया पड़ताल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुंवर अनुपम सिंह के साथ थाना जफराबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों की स्थिति और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।



डीआईजी ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, भोजनालय, मालखाना, बैरक, शौचालय व हवालात का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई रजिस्टर में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

थाना परिसर में खड़े वाहनों को अपराध के क्रम में व्यवस्थित करने तथा उनके नियमानुसार निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। मालखाने का निरीक्षण करते हुए लंबित माल के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए गए। पीआरवी वाहनों की जांच कर उनका रिस्पांस टाइम कम करने पर बल दिया गया। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों के मौके पर जाकर जांच कर समयबद्ध व विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश थाना प्रभारी जफराबाद श्रीप्रकाश शुक्ला को दिए गए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता, सहायक पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षु) सृष्टि जैन सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लापरवाही पर भारी पड़ी सचिव की मनमानी, डीडीओ ने किया निलंबित

गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के किरतापुर गांव में तैनात ग्राम पंचायत सचिव अरविंद सिंह चौहान को शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) मीनाक्षी देवी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बीडीओ धमार्पुर की प्रतिकूल रिपोर्ट के आधार पर की गई है। बता दें कि सचिव अरविंद सिंह चौहान पर विभागीय बैठकों से नदारद रहने, ग्राम पंचायत सचिवालय (पंचायत भवन) पर उपस्थित न होने और ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण में रुचि न लेने जैसे गंभीर आरोप थे। बीडीओ कृष्ण मोहन यादव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सचिव द्वारा लगातार अनुशासनहीनता की जा रही थी। वे न तो विकास कार्यों की समीक्षा बैठकों में शामिल हो रहे थे और न ही ग्रामीणों के लंबित कार्यों का निपटारा कर रहे थे। सचिव की इस कार्यशैली की विस्तृत रिपोर्ट डीडीओ को प्रेषित की गई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए डीडीओ मीनाक्षी देवी ने निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित की है। इस कार्रवाई से ब्लॉक के अन्य लापरवाह कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

# ललई के रोजा इफ्तार के आमंत्रण पत्र पर अखिलेश यादव ने जताया आभार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भेजे गए पत्र के माध्यम से रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शामिल न हो पाने की जानकारी मिलने पर पूर्व ऊर्जा मंत्री शैलेंद्र यादव ह्यललईह्ण ने आभार व्यक्त किया है। पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आशीर्वाद और स्नेह हम सब कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने व्यस्ततम कार्यक्रम और लोकसभा सत्र के चलते कार्यक्रम में शामिल न हो पाने के बावजूद शुभकामनाएं भेजीं, इसके लिए हम उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि ह्लरोजा इफ्तार का यह आयोजन आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। हमें खुशी है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसकी सफलता की कामना की और सभी रोजेदारों को शुभकामनाएं दीं। ललई ने बताया कि शाहगंज क्षेत्र में आयोजित यह कार्यक्रम पूरी गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करती रही है। अंत में उन्होंने पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलने की बात कही।



# फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित परिवार के साथ पहुंचीं वाराणसी, ज्वेलरी शॉप का किया उद्घाटन

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। मायानगरी की मशहूर अदाकारा माधुरी दीक्षित अपने परिवार के साथ धर्मनगरी वाराणसी पहुंचीं, जहां उनके आगमन से प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। अभिनेत्री अपने पति डॉ.श्रीराम नेने के साथ शहर के सिगरा क्षेत्र में एक ज्वेलरी शॉप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुईं। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान माधुरी दीक्षित ने पारंपरिक अंदाज में रिबन काटकर शोरूम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने वाराणसी की संस्कृति और आतिथ्य की जमकर सराहना की। कार्यक्रम स्थल पर उनके एक झलक पाने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। माधुरी दीक्षित ने कहा कि वाराणसी आना उनके लिए हमेशा एक विशेष अनुभव होता है। उन्होंने शहर की आध्यात्मिकता और यहां के लोगों के प्रेम को अद्भुत बताया। वहीं, डॉ. नेने ने भी कार्यक्रम में मौजूद लोगों का अभिवादन किया।



गौरतलब है कि अभिनेत्री के आगमन को लेकर पहले से ही तैयारियां की गई थीं, जिससे पूरा कार्यक्रम भव्य और आकर्षक बना रहा।

## ब्लॉक प्रमुख की सास के निधन पर सांसद ने दी श्रद्धांजलि

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मड़ियाहूं की ब्लॉक प्रमुख रेखा यादव की सास एवं जिला पंचायत सदस्य प्रेम नारायण यादव की माता के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बृहस्पतिवार को जौनपुर सदर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा पिपरा स्थित उनके आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। सांसद ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह परिवार ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करें। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।



### खेतासराय में पेट्रोल-डीजल संकट

# पेट्रोल पम्पों पर लगी लम्बी कतारें, किसानों और व्यापारियों की बढ़ी परेशानी

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र में एलपीजी के बाद अब पेट्रोल और डीजल का भी संकट गहरा गया है। अधिकतर पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी के चलते ताले लटक गए हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

कस्बे से सटे मैनुद्दीनपुर पेट्रोल पंप पर ईंधन उपलब्ध होने की सूचना मिलते ही सुबह 7 बजे से ही लोगों की लंबी कतारें लग गईं। भारी भीड़ को देखते हुए पंप प्रबंधन ने एक वाहन को अधिकतम 200 रुपये का ही पेट्रोल देने का निर्णय लिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को ईंधन मिल सके।

पेट्रोल पंप मैनेजर जयराम गौतम ने बताया कि पहले जहां लोग 50 से 100 रुपये का पेट्रोल लेते थे, वहीं अब टंकी फुल कराने की मांग कर रहे हैं। भीड़ और सीमित स्टॉक को देखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है।

ईंधन संकट का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। गोरारी गांव के कौशल मौर्य और कस्बा निवासी सुन्दरम मौर्य ने बताया कि डीजल न मिलने से खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और फसलें



सूखने की कगार पर हैं।

वहीं, रानीमऊ के उद्यमी महेंद्र यादव और कलापुर निवासी जौहर अब्बास का कहना है कि ईंधन के अभाव में व्यापार ठप होने की स्थिति में पहुंच गया है। सुबह से लाइन में लगने के बावजूद दोपहर 1 बजे तक भी डीजल नहीं मिल पाया।

भवन निर्माण व्यवसाय से जुड़े रविभूषण मिश्र ने बताया कि डीजल की कमी के कारण माल ढुलाई प्रभावित हो रही है, जिससे निर्माण कार्य धीमा पड़ गया है।

प्रिंटिंग प्रेस संचालक मुन्ना मौर्य ने बताया कि जनरेटर से चलने वाले उनके काम पूरी तरह रुक गए हैं। शादी-विवाह के कार्ड छपाई के ऑर्डर लंबित पड़े हैं, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके।

# अशोक महान के तरीके पर शासन की नीति बनाएंगे अखिलेश यादव: मोहम्मद अरशद खान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पीडीए भवन कटघरा में को आयोजित सम्राट अशोक महान के जन्मदिवस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक जौनपुर सदर मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि आने वाले समय में अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनने वाली समाजवादी सरकार सम्राट अशोक महान के आदर्शों पर आधारित शासन व्यवस्था लागू करेगी।

उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक महान भारतीय इतिहास के ऐसे महान शासक थे, जिन्होंने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति अपनाकर न्यायपूर्ण और मानवीय शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका शासनकाल सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और जनकल्याण की दृष्टि से आज भी प्रेरणास्रोत है।

मोहम्मद अरशद खान ने अपने संबोधन में कहा कि सम्राट अशोक महान का जन्म हजरत ईसा मसीह से



लगभग 250 वर्ष पूर्व तथा हजरत मुहम्मद साहब से लगभग 650 वर्ष पूर्व हुआ था, जिससे स्पष्ट होता है कि वे भारतीय इतिहास के एक प्राचीन और महान शासक रहे हैं। उन्होंने कहा कि अशोक महान की विरासत सभी धर्मों और जातियों को जोड़ने का कार्य करती है।

उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट अशोक महान ने बौद्ध धर्म को अपनाकर न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर उसके प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और शांति, अहिंसा तथा मानवता का संदेश दिया। उनके शासनकाल में भारत एक सशक्त और संगठित राष्ट्र के रूप में स्थापित था।

कार्यक्रम में उन्होंने वर्तमान समय में अशोक महान जैसी जनकल्याणकारी, न्यायपूर्ण और समावेशी नीतियों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी इसी दिशा में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मोहम्मद अरशद खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संदीप मौर्य, प्रदेश सचिव समाजवादी मजदूर सभा, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया।

# पर्दे की आड़ में अवैध निर्माण, कार्रवाई की उठी मांग

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सद्भावना पुल रोड स्थित पुरातत्व विभाग के संरक्षित क्षेत्र में अवैध निर्माण का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। पहले प्रशासन द्वारा रोके गए निर्माण कार्य को अब दोबारा गुपचुप तरीके से शुरू किए जाने का आरोप सामने आया है।

### जिम्मेदार अधिकारी मौन



बताया जा रहा है कि पूर्व में सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह और मास्टर प्लान के जेई प्रशान्त कुमार ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। इसके बावजूद अब निर्माण स्थल को चारों तरफ हरे पर्दे से ढककर अंदर तेजी से काम कराए जाने की बात सामने आ रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पर्दे की आड़ में शटर लगाने और प्लास्टर का कार्य लगातार जारी है, जो नियमों की खुली अनदेखी है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि इस तरह छिपकर निर्माण कराना प्रशासनिक आदेशों को चुनौती देने जैसा है।

गौरतलब है कि संबंधित क्षेत्र भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधीन संरक्षित क्षेत्र में आता है, जहां 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कार्य जारी रहना कई सवाल खड़े कर रहा है।

इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण स्थल से पर्दा हटवाकर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जाए और अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई है।

कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 के तहत ऐसे मामलों में दंडात्मक कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान है, लेकिन इसके बावजूद नियमों की अनदेखी प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या ठोस कदम उठाता है और क्या संरक्षित क्षेत्र में हो रहे इस अवैध निर्माण पर पूरी तरह रोक लगाई जा सकेगी।

# गैस आपूर्ति से मना करने पर डिलीवरी मैन और उसके बेटे की पिटाई, छीने पैसे

गौराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के धमार्पुर बाजार स्थित एक पेट्रोल पंप के पास गैस सिलेंडर की डिलीवरी देने गए पिता-पुत्र पर दबंगों ने हमला कर दिया। सिलेंडर रिफिल करने के विवाद में 10-12 अज्ञात लोगों ने न केवल डिलीवरी मैन के बेटे की पिटाई की, बल्कि जेब से पैसे छीनकर वाहन की चाबी भी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुण्डी मुफ्तीगंज निवासी सुरेंद्र राय पुत्र उमाशंकर राय, भारत गैस एजेंसी धमार्पुर में डिलीवरी मैन का कार्य करते हैं। बुधवार, 25 मार्च को वह अपनी वैन (यूपी 62 टी3994) से गैस वितरण के लिए निकले थे। रात करीब 9:44 बजे जब वह धमार्पुर बाजार स्थित माँ दुर्गा फिलिंग स्टेशन पर अपनी गाड़ी खड़ी कर फोन लगा रहे थे, तभी सामने स्थित एक चाइनीज कॉर्नर से 10-12 लोग खाली एचपी सिलेंडर लेकर आए और उसे रिफिल करने का दबाव बनाने लगे। सुरेंद्र राय ने जब यह कहकर मना किया कि उनकी कंपनी भारत गैस की है और वह केवल बुक किए गए सिलेंडर ही देंगे, तो आरोपी भड़क गए।

आरोपियों ने जबरन गाड़ी पर चढ़कर सिलेंडर उतारने का प्रयास किया और वैन में बैठे सुरेंद्र के बेटे उत्कर्ष राय की लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान हमलावरों ने पीड़ित की जेब से पैसे भी छीन लिए। पेट्रोल पंप कर्मियों और राहगीरों को अपनी ओर आता देख आरोपी गाड़ी की चाबी लेकर वहां से भाग निकले। घटना से एजेंसी कर्मचारियों में भय का माहौल है। थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव के कुशल निर्देशन में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है। मामले की विवेचना उप-निरीक्षक मंशा राम गुप्ता को सौंपी गई है।

# नारी सुरक्षा और स्वावलंबन का संदेश लेकर सड़कों पर उतरीं महिला पुलिस कर्मी

### मिशन शक्ति फेज 5.0' के अंतर्गत महिला पुलिस कर्मियों द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज जनपद जौनपुर में 'मिशन शक्ति फेज 5.0' के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुंवर अनुपम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के कुशल निर्देशन तथा आतिश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व गोल्डी गुप्ता,सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में महिला पुलिस बल ने अपनी शक्ति और सजगता का प्रदर्शन किया। प्रभारी निरीक्षक अनीता सिंह प्रभारी मिशन शक्ति (महिला व बाल सुरक्षा संगठन) के नेतृत्व में व महिला थाना प्रभारी श्यामा तिवारी एवं महिला पुलिस कर्मियों द्वारा एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। यह रैली पुलिस लाइन जनपद जौनपुर से प्रारंभ होकर पालिटेक्निक चौराहे तक गई।




**महिला सशक्तिकरण:** महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना।

**सुरक्षा व सम्मान:** समाज में महिलाओं के प्रति सम्मानजनक वातावरण बनाना और सुरक्षा का एहसास कराना।

**आत्मनिर्भरता:** 'मिशन शक्ति' के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करना।

इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने नारों और संवाद के माध्यम से राहगीरों और स्थानीय महिलाओं को सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

# किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा आधुनिक कृषि कल्याण केंद्र: रमेश चंद्र मिश्र

### बदलापुर के पट्टीदयाल गांव में विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कृषि कल्याण केंद्र का किया भूमिपूजन, 1.21 करोड रुपए होंगे खर्च

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बदलापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पट्टीदयाल में विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने बृहस्पतिवार को कृषि क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ह्लकृषि कल्याण केंद्रह्ण के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।



इस अवसर पर रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि लगभग 1 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह आधुनिक कृषि कल्याण केंद्र किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि केंद्र के निर्माण के बाद किसानों को खाद, उर्वरक, बीज और कृषि रक्षा रसायन जैसी आवश्यक सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी।

विधायक ने कहा कि इस केंद्र में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके लिए अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रशिक्षण कक्ष बनाए जाएंगे, जहां प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। किसान देशभर के विभिन्न प्रशिक्षण एवं शोध संस्थानों से जुड़कर उन्नत खेती की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़ना है, जिससे उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ उनकी आय में भी वृद्धि हो सके। इस मौके पर जिला महामंत्री सुनील तिवारी, मंडल अध्यक्ष संजीव शुक्ला, लवकुश सिंह, राकेश तिवारी, एचपी सिंह, अखिलेश सिंह, संदीप पाठक, स्वतंत्र मिश्र, अरविंद शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# इंदौर के वैशाली नगर में श्री राम जन्मोत्सव आज




-प्रणीत नरेंद्र तिवारी चीफ ब्यूरो

इंदौर (उत्तरशक्ति)। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी इंदौर में वैशाली नगर में श्री राम जन्मोत्सव आज दिनांक 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को श्री राम मंदिर सेवा समिति पंडित परिक्षित तिवारी , अर्पित तिवारी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। भव्य और दिव्य श्रृंगार व रंगारंग कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक प्रस्तुत किया जाएगा। मंदिर के परिसर में धूमधाम से श्री राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसमे मुख्य आकर्षण श्रीराम जन्मोत्सव की साज - सज्जा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन है ।उसी दिन विशाल भंडारे का आयोजन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक रखा गया है। जिसमें मुख्य रूप से पंडित परिक्षित तिवारी, अर्पित तिवारी , उद्योगपति समाजसेवी सुमित नरेंद्र तिवारी, पं पुष्पमित्र भार्गव महापौर इंदौर, प्रणीत नरेंद्र तिवारी, द्वारा की गई है। सभी सनातनी भाईयों से नम्र निवेदन है कि ठीक समय पर पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# सीईओ को भेंट की गयी विशेष विद्युत लोडर की चाभी मंदिर प्रशासन ने जताया आभार



सुरेश गांधी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। आस्था और आधुनिकता का अनुपम संगम एक बार फिर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में देखने को मिला, जब बाज ऑटो रिक्शा कंपनी के स्वामी सनम निज्हावन ने सेवा भाव से प्रेरित होकर दो विशेष रूप से निर्मित विद्युत लोडर मंदिर प्रशासन को समर्पित किए। यह पहल न केवल तकनीकी नवाचार का उदाहरण है, बल्कि धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी है। इस अवसर पर इन विशेष लोडरों की चाभी मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा को विधिवत सौंपते हुए सेवा और सहयोग की एक नई मिसाल कायम की गई। ये लोडर साधारण वाहन नहीं, बल्कि मंदिर की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए नवाचार का प्रतीक हैं। लो-फ्लोर डिजाइन, सुदृढ़ पहिए और विशेष ढांचा इन्हें संकरे व भीड़भाड़ वाले परिसर में भी निर्बाध संचालन के लिए सक्षम बनाता है। बाबा के दरबार में प्रतिदिन उमड़ने वाली आस्था की भीड़ के बीच व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है।

ऐसे में ये विद्युत लोडर सामग्री परिवहन, स्वच्छता और अन्य आवश्यक कार्यों को और अधिक गति व व्यवस्थित रूप प्रदान करेंगे। मंदिर प्रशासन ने इस पुनीत सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे सेवा और समर्पण की उत्कृष्ट मिसाल बताया। साथ ही बाबा काशी विश्वनाथ से सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। भेंट किए गए ये विद्युत लोडर सामान्य बाजार में उपलब्ध नहीं हैं, बल्कि इन्हें मंदिर परिसर की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से तैयार कराया गया है। इनका लो-फ्लोर डिजाइन, मजबूत पहिए और विशेष ढांचा इन्हें संकरे व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी सुगमता से संचालित होने योग्य बनाता है। इन अत्याधुनिक लोडरों की सहायता से मंदिर परिसर में दैनिक व्यवस्थाओंकृजैसे सामग्री परिवहन, सफाई और अन्य आवश्यक कार्यकृको अधिक सुचारु और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा सकेगा। यह पहल श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थाओं की दक्षता को और बेहतर बनाएगी।

# अमेठी: STF का बड़ा खुलासा—पेपर सॉल्वर गैंग बेनकाब, लाखों की वसूली का खेल उजागर

अमेठी (उत्तरशक्ति)। जनपद में उत्तर प्रदेश – प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने वाले पेपर सॉल्वर गैंग का एसटीएफ (लखनऊ) ने बड़ा खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया, जो मुसाफिरखाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। जांच में सामने आया है कि गैंग के सदस्य फर्जी दस्तावेज तैयार कर अभ्यर्थियों की जगह पेपर सॉल्व कराते थे और इसके बदले उनसे लाखों रुपये वसूलते थे। आरोपी दीपक कुमार को रळत्र्र ने गिरफ्तार कर लिया है। गैंग द्वारा सुनियोजित तरीके से परीक्षा प्रणाली में सेंध लगाई जा रही थी। मामले में अन्य आरोपियों और नेटवर्क की तलाश जारी है। STF की इस कार्रवाई से परीक्षा माफियाओं में हड़कंप मच गया है और प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता को लेकर बड़ा संदेश गया है।

# नाबालिग के अपहरण में वांछित आजमगढ़ का युवक गिरफ्तार

गौराबादशाहपुर ,जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। गौराबादशाहपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण और पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। काकोरी देवाकलपुर निवासी खदेरू यादव ने 15 मार्च 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री पूनम यादव 13 मार्च को घर से दुकान जाने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इस तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान मामले में पाक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं। गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि 26 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक वीरेंद्र प्रसाद और मुख्य आरक्षी वीरेंद्र यादव क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रसाद तिराहा से वांछित आरोपी तुषार पुत्र हरदेव, निवासी उदियांवा, थाना बरदह, जनपद आजमगढ़ को दोपहर करीब 1 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। 22 वर्षीय अभियुक्त ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार करने के बजाय बयान न्यायालय में देने की बात कही है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# टेम्पो पलटने से चालक समेत पांच घायल

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर के मुख्य मार्ग स्थित गंदा नाला के समीप गुरुवार भोर में एक टेम्पो पलट जाने से चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के ताखा पूरब के पटखौली गांव निवासी किरन पाठक (40) पत्नी देवमनी पाठक अपने परिवार के साथ वाराणसी से टेम्पो द्वारा घर लौट रही थीं। उनके साथ 12 वर्षीय अर्पित पाठक, 19 वर्षीय शालिनी पाठक और 32 वर्षीय रीमा पाठक भी मौजूद थीं। बताया जा रहा है कि नगर के मुख्य मार्ग पर बीम मार्ट के समीप अचानक टेम्पो चालक जावेद (45) निवासी दुल्हापुर, मुगलसराय को नींद की झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक समेत सभी सवारियां घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

# आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई, 82 पव्वा अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति) । जिलाधिकारी दिनेश चंद के आदेश एवं जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई सामने आई है। थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र के देवकली-सुल्तानपुर मार्ग पर आबकारी निरीक्षक अब्दुल कैस व पुलिस उपनिरीक्षक सैय्यद हसन जाफर रिजवी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में दिलीप यादव पुत्र लाल बहादुर यादव तथा चंद्रेश यादव पुत्र हरिलाल यादव, निवासी हमजापुर, थाना सराय ख्वाजा, जनपद जौनपुर शामिल हैं। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से 82 पव्वा अवैध देशी शराब एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में थाना सराय ख्वाजा में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। जनपद में अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी, प्रशासन सख्त।

# नवरात्रि में कन्या पूजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा : विधायक

**विधायक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत 101 कन्याओं का किया पूजन**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के पावन अवसर पर मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बदलापुर में विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने 101 कन्याओं का भव्य कन्या पूजन किया।

कार्यक्रम में उनकी पत्नी पूर्व ब्लाक प्रमुख संजू मिश्रा ने भी कन्याओं का पूजन किया। उपस्थित अतिथियों ने भी कन्याओं के चरण धोकर विधिवत पूजन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कन्याओं को प्रसाद, उपहार एवं दक्षिणा भी वितरित की गई। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से बेटियों को सम्मान देने और उन्हें सशक्त बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना विकसित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का समापन भक्तिमय माहौल में हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह, जिला महामंत्री सुनील तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद पांडेय, गंगा प्रसाद सिंह, मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, सिद्धार्थ सिंह, बबलू चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष लवकुश सिंह, विनोद शर्मा, दिलीप जायसवाल, नरसिंह बहादुर सिंह, सुशील निगम, सूरज सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# अपहरण के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार




जौनपुर (उत्तरशक्ति) । जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शाहगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने अपहरण से जुड़े मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामविचार व पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर निजामापुर स्थित पेट्रोल पंप के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आमिर खान पुत्र जहीर निवासी बीरी समस-द्दीनपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर के रूप में हुई है।

वह मु0अ0सं0-94/2026 धारा 137(2), 87, 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दर्ज मामले में वांछित था। मामले में वादी दिलशाद निवासी दंडवारा खुर्द थाना शाहगंज ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 मार्च 2026 को उनकी नाबालिग बेटी को अरबाज नामक युवक शादी का झांसा देकर भगा ले गया, जिसमें गिरफ्तार आरोपी आमिर खान ने सहयोग किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# शास्त्री पार्क के पास दिनदहाड़े स्कूटी चोरी, CCTV में कैद हुआ

वाराणसी ( उत्तरशक्ति )। जनपद के सिगरा थाना क्षेत्र स्थित शास्त्री पार्क के पास दिनदहाड़े स्कूटी चोरी की घटना सामने आई है। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक युवक स्कूटी का लॉक खोलकर आराम से वाहन लेकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है।

**काम पर गई थीं महिला, लौटने पर स्कूटी गायब**

स्कूटी की मालकिन दीपा विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी स्कूटी पार्क कर काम पर गई थीं। जब वह वापस लौटीं तो उनकी स्कूटी वहां से गायब थी। आसपास खोजबीन करने के बाद भी जब वाहन का पता नहीं चला तो उन्होंने तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराई।



घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच में एक युवक स्कूटी का लॉक खोलकर उसे ले जाता हुआ नजर आया है। फुटेज के आधार पर पुलिस अब आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।और स्थानीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। साथ ही नागरिकों से भी अपील की जा रही है कि वे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें और सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय अपनाएं, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# सम्राट अशोक जयंती पर सपा का आयोजन, शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में महान शासक सम्राट अशोक की जयंती जिले में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की अनुमति से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने की। सदर चुंगी अलफस्टीनगंज स्थित जिला कार्यालय में सुबह 10 बजे कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जहां कार्यकताओं ने सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने अशोक महान के जीवन, उनके आदर्शों और उनके द्वारा अपनाए गए शांति, न्याय एवं अहिंसा के मार्ग पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि सम्राट अशोक का शासनकाल (269-232 ईसा पूर्व) भारतीय इतिहास में एक सशक्त और अखंड शासन का प्रतीक रहा है। उन्होंने युद्ध का त्याग कर मानवता, शांति और धर्म के मार्ग को अपनाया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम को सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, राजनारायण बिंद, श्रद्धा यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने सम्राट अशोक के सिद्धांतों को वर्तमान समाज में अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं की उपस्थिति रही। अंत में अर्जक संघ के संस्थापक सदस्य राम आश्चर्य यादव सहित ढऊअ समाजवादी परिवार के दिवंगत सदस्यों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।



# बदला यूपी का मिजाज : विकास, निवेश और भरोसे की नई पहचान : सुरेश खन्ना

सुरेश गांधी

वाराणसी। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की तस्वीर अब सिर्फ दावों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर दिखने लगी है। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों को सामने रखते हुए प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री व जनपद प्रभारी सुरेश खन्ना ने दावा किया कि प्रदेश ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक छलांग लगाई है, जिसका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। यूपी आज देश के सबसे तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल है। इस दौरान विकास के आंकड़ों के साथ सियासी तेवर भी दिखे, जब उन्होंने विपक्ष, खासकर अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा, जनता अब काम और परिणाम के आधार पर फैसला करती है। मंत्री ने कहा, कुछ लोग सिर्फ बयानबाजी करते हैं, जमीन पर काम नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि यूपी की जनता अब सिर्फ सुनती नहीं, बल्कि देखती और परखती भी है। 37 साल बाद सरकार की वापसी जनता का जवाब है. भ्रम की राजनीति अब नहीं चलेगी. उत्तर प्रदेश अब सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि विकास, निवेश और विश्वास का मॉडल बन चुका है, जहां आंकड़े भी बोलते हैं और जमीन पर बदलाव भी दिखता है। काशी की आज तस्वीर बदली है, उसकी कल्पना पहले किसी ने नहीं की थी। लेकिन कुछ लोग आज भी आंख बंद करके बैठे हैं। उन्होंने इशारों में कहा कि विकास को नकारना अब जनता के बीच टिक नहीं पाएगा। गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल, चौकाघाट, वाराणसी में 19 से 26 मार्च तक चली 8 दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का समापन मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। मंत्री ने विस्तार से बताया, 82 लाख किसानों का कर्ज माफ, 86 हजार से ज्यादा सोलर पंप स्थापित, 3.14 लाख किसानों को 5660 करोड़ का बीमा भुगतान, 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, 10 लाख$ को निजी रोजगार. हर वर्ग को सीधे लाभ पहुंचाने का प्रयास. 7 लाख हेक्टेयर नई सिंचाई क्षमता, गन्ना, चीनी और एथेनॉल में रिकॉर्ड बढ़त, गन्ना क्षेत्रफल 28.61 लाख हेक्टेयर, 400 रुपये प्रति क्विंटल तक भुगतान, 120 चीनी मिलें संचालित, नई मिलें और विस्तार, एथेनॉल उत्पादन में बड़ी वृद्धि, महिलाओं को संबल : जन्म से विवाह तक योजनाएं, कन्या सुमंगला योजना से 26.81 लाख बेटियां लाभान्वित, समूहिक विवाह योजना व पीएम स्वनिधि से महिला स्वरोजगार, पेंशन बढ़कर 1000 रुपये, जल्द 1500 रुपये प्रस्तावित है. युवा उद्यमी योजना के बिना ब्याज 5 लाख तक लोन, 1 लाख से ज्यादा युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण. 1434 नई पुलिस चौकियां, 73 साइबर क्राइम थाने, यूपी अब देश का सबसे सुरक्षित निवेश स्थल बन रहा है। 2011 में यूपी का शहरीकरण 22 फीसदी था, जो अब बढ़कर 27 फीसदी हो गया। राज्य में अब 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद, 500 से अधिक नगर पंचायतें, कुल 762 शहरी निकाय कार्यरत हैं। हर नागरिक तक विकास पहुंचे, यही सरकार का लक्ष्य है। एक्सप्रेसवे : पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गंगा एक्सप्रेसवे. यूपी अब कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर का हब. यूपी के 7 शहर स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल, पूर्वांचल, खासकर वाराणसी में सीवर, पेयजल, सड़क और शहरी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है. मंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि लोगों के बीच भ्रम फैलाना उनकी पुरानी आदत रही है, लेकिन अब जनता जागरूक हो चुकी है। मंत्री ने साफ संदेश दिया हमारी सरकार का फोकस विकास, रोजगार और सुरक्षा है, जबकि कुछ लोग सिर्फ राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं। आने वाले समय में भी जनता काम को ही चुनेगी, क्योंकि सच्चाई और विकास ज्यादा देर तक छिप नहीं सकते।



जीएसडीपी में रिकॉर्ड वृद्धि प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक. एक्सपोर्ट, 86 हजार करोड़ से 1.68 लाख करोड़$ ओडीओपी योजना ने वैश्विक पहचान दिलाई।

प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से सुशील कुमार, अजय कुमार और अनुराग पाण्डेय को सम्मानित किया गया।

मत्स्य विभाग के अंतर्गत मत्स्य कियोस्क निर्माण के लिए मंजू देवी को 6 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। आजीविका मिशन से जुड़ी ऊषा देवी और पूनम रानी को सम्मानित किया गया, वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत सुमन देवी, किरण देवी और प्रीति देवी को लाभान्वित किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत रामसूरत पटेल और अर्जुन विश्वकर्मा को सम्मान मिला। राशन कार्ड लाभार्थी विजय लक्ष्मी, कृषि विभाग से ब्रजभूषण सिंह, पशुपालन विभाग से देवेंद्रनाथ (बकरी पालन हेतु), श्रम विभाग से रविन्द्र पटेल तथा नेडा से सत्यप्रकाश को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। आईसीडीएस के अंतर्गत 350 लाभार्थियों को किट भी वितरित की गई।

इससे पूर्व आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत ₹वोकल फॉर लोकल₹ अभियान के अंतर्गत आराजी लाइन ब्लॉक में इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर का बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद जताई गई। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत विभिन्न लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम से पहले प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने वाराणसी संसदीय जनसंपर्क कार्यालय, भेलूपुर पहुंचकर विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर अशोक तिवारी, विधायक टी. राम, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार, डीसी एनआरएलएम पवन कुमार, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल समेत कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# श्रेया घोषाल तीन दशकों में लाइव एल्बम लॉन्च करने वाली भारत की पहली महिला कलाकार बनीं




पटना (उत्तरशक्ति)। श्रेया घोषाल ने अपने हालिया ऑल हार्ट्स टूर की विशेष रिकॉर्डिंग वाले लाइव टूर एल्बम को रिलीज कर इतिहास रच दिया है। वह पिछले तीन दशकों में लाइव एल्बम लॉन्च करने वाली भारत की पहली महिला कलाकार बन गई हैं। विश्व स्तर पर अपने प्रशंसकों के लिए एक विशेष उपहार, और मुंबई, लंदन, न्यूयॉर्क, एम्स्टर्डम सहित अन्य शहरों में रिकॉर्ड किया गया एल्बम 'ऑल हार्ट्स टूर - लाइव' में उनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दौरे की लाइव रिकॉर्डिंग शामिल हैं। इसमें उनके लोकप्रिय गानों के लाइव संस्करण शामिल हैं, जो श्रोताओं को कॉन्सर्ट जैसा अनुभव प्रदान करते हैं। एल्बम के बारे में बात करते हुए श्रेया घोषाल ने कहा कि यह एल्बम उनके प्रशंसकों के लिए एक खास उपहार है, जिससे वे लाइव प्रदर्शन की ऊर्जा और भावनाओं को महसूस कर सकें। 44 शहरों में आयोजित इस टूर ने दुनिया भर में बड़ी सफलता हासिल की।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी, बोरिंग रोड ने वर्षगांठ पर आयोजित किया रक्तदान शिविर

पटना (उत्तरशक्ति)। शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी, बोरिंग रोड ने अपनी वर्षगांठ के अवसर पर सामाजिक दायित्व निभाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर कंपनी की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधियों के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। अनुभवी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम की देखरेख में सभी स्वास्थ्य मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। फ्रेंचाइजी ओनर रंजन कुमार ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि समाज के प्रति जिम्मेदारी को समझते हुए इस तरह की गतिविधियां भविष्य में भी जारी रहेंगी। उसी अवसर पर कंपनी ने अक्षय तृतीया के लिए ग्राहकों को विशेष ऑफर की भी घोषणा की। इसके तहत डायमंड मेकिंग चार्ज पर 40% और गोल्ड मेकिंग चार्ज पर 30% तक की छूट दी जा रही है। रक्तदान शिविर में शामिल सभी रक्तदाताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कंपनी के सभी कर्मचारी उपस्थित थे और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। गौरतलब है कि कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर घनश्याम ढोलकिया ने उद्घाटन के समय वादा किया था कि एक वर्ष पूरा होने पर पटना शहर के लिए सामाजिक योगदान दिया जाएगा।






## अंतरराष्ट्रीय सराहना के बाद मर्सी की पहली झलक 27 मार्च को



मुंबई। वैश्विक फिल्म समारोहों में सराहना प्राप्त करने के बाद, फिल्म मर्सी की पहली आधिकारिक झलक 27 मार्च को सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी, विशेष रूप से धुरंधर: द रिवेंज के साथ। यह फिल्म निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है और एक परिवार की भावनाओं, जिम्मेदारियों और कठिन निर्णयों की गहरी पड़ताल करती है। कहानी यह दिखाती है कि जीवन के अंतिम चरण में आने वाली चुनौतियों के बीच परिवार किस प्रकार भावनात्मक और कानूनी उलझनों का सामना करता है। इस समय, जब देश में जीवन के अंतिम चरण की गरिमा को लेकर चर्चा हो रही है, यह फिल्म उस राष्ट्रीय संवाद से मेल खाती है। हाल ही में हरीश राणा के मामले ने इस विषय को प्रमुखता दी, जिन्हें 13 साल तक वेजिटेटिव स्थिति में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट से निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति मिली। फिल्म मर्सी की थिएट्रिकल रिलीज 24 अप्रैल को निर्धारित है। अभिनेता राज वासुदेवा ने कहा: मर्सी मेरे लिए एक बेहद खास फिल्म है। यह एक ऐसे परिवार की कहानी है, जो मुश्किल समय में भी मजबूत बना रहता है। हमें जो प्यार और सराहना मिली है, उससे बहुत खुशी होती है। अब मैं चाहता हूं कि दर्शक भी इस कहानी को महसूस करें। अभिनेता आदिल हुसैन ने साझा किया: मेरे लिए मर्सी सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इंसानियत और गरिमा की कहानी है। फिल्म को जो सराहना मिली है, वह साबित करती है कि सच्ची कहानियां हर किसी तक पहुँचती हैं। अब दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार है। निर्देशक मितुल पटेल ने कहा: इस तरह की कहानी बनाना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना हमारे लिए बहुत खास है। लेकिन असली महत्व इस फिल्म के संदेश में है, जो लोगों के दिल तक पहुंचे। अब देश में रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

## विरोध पक्ष नेता मनोज पाटिल का हल्लाबोल: बजट में बड़े दावे, लेकिन वित्तीय सच्चाई चिंताजनक

वसई-विरार। वसई-विरार सिटी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के वर्ष 2026-27 के बजट पर आज, 26 मार्च को आयोजित विशेष आम सभा में विरोध पक्ष के नेता मनोज पाटिल ने प्रशासन द्वारा प्रस्तुत बजट पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने बजट में शामिल कई जनहितकारी और नवाचारी योजनाओं का स्वागत किया, लेकिन साथ ही वित्तीय आंकड़ों में असमानता और कमजोर रिकवरी पर गंभीर सवाल भी उठाए।



अपने संबोधन की शुरूआत में पाटिल ने प्रशासन द्वारा पेश की गई पहलों की सराहना की। उन्होंने शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने, नए शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने, दिव्यांग विद्यालयों को आर्थिक सहायता देने और म्युनिसिपल अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं को सराहनीय बताया। इसके अलावा, केले का गांव, मछुआरों का गांव, रंगोली गांव और फूलों के गांव जैसे सांस्कृतिक प्रोजेक्ट्स को शहर की पहचान मजबूत करने वाला बताया।

एक संवेदनशील मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने शनि मंदिर क्षेत्र में आवारा कुत्तों के कारण 9 वर्षीय बच्ची की दुखद मृत्यु का जिक्र किया और डॉग शेल्टर सेंटर की योजना को समय की आवश्यकता बताया। साथ ही, उन्होंने निगम क्षेत्र में रहने वाले किसानों के लिए बीज और खाद उपलब्ध कराने के प्रस्ताव का भी स्वागत किया। हालांकि, पाटिल ने बजट के वित्तीय पहलुओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष का प्रस्तावित बजट 3,935 करोड़ रुपये था, जिसे संशोधित कर 3,194 करोड़ रुपये कर दिया गया–अर्थात लगभग 800 से 900 करोड़ रुपये की कमी। प्रॉपर्टी टैक्स में 527 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले केवल 363 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जबकि वॉटर टैक्स में 149 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सामने मात्र 65.88 करोड़ रुपये ही एकत्र हुए। उन्होंने यह भी कहा कि वास्तविक आय और पूंजीगत अनुदानों को ध्यान में रखते हुए संशोधित बजट लगभग 2,500 करोड़ रुपये होना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय 4,209 करोड़ रुपये का बढ़ा-चढ़ाकर बजट प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित आंकड़ों और वास्तविक वसूली के बीच लगभग 1,700 करोड़ रुपये का बड़ा अंतर है। मनोज पाटिल ने प्रशासन से अपील की कि वह केवल आकर्षक घोषणाओं पर नहीं, बल्कि वास्तविक वित्तीय प्रबंधन और राजस्व वसूली पर ध्यान केंद्रित करे, ताकि शहर के विकास के सपनों को साकार किया जा सके।

## बैग लौटने का अनुरोध

चिराना। आज मैं सुबह मेरी ड्यूटी पर जा रहा था तो इस बीच मेरा चेकदार भूरा रंग का बैग जो मेरी मोटर साइकिल के साइड में लटका हुआ था, वो पता नहीं कब चिराना से उदयपुरवाटी के बीच यात्रा के दौरान रोड पर सुबह गिर गया, आपको बता देवे कि उसमें मेरे हॉस्पिटल के मेन गेट की चाबी का गुच्छा, मेरे नाम की सील और पैड, एक बड़ी पंच मशीन तथा कुछ दवाइयां भी थी (उक्त बैग (थैला) किसी भी सज्जन को मिला हो तो मुझे सूचित करने का कष्ट करे या मेरे नंबर पर फोन करने की मेहरबानी करे (जो नीचे दिए गए है। 9829483955।

## हाउस ऑफ स्वामीराज ने मुंबई की बदलती हाउसिंग डिमांड पर



मुंबई। हाउस ऑफ स्वामीराज धीरे-धीरे भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में एक विश्वसनीय और उभरता हुआ नाम बनता जा रहा है। कंपनी वर्तमान में मुंबई और मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन पर काम कर रही है। 18 साल से ज्यादा के अनुभव के साथ कंपनी अपने काम में लगातार बेहतर गुणवत्ता बनाए हुए है। कंपनी ऐसे घर बनाती है जो अच्छी तरह से डिजाइन किए गए, भरोसेमंद और खरीदारों को लंबे समय तक अच्छा मूल्य देते हैं। कंपनी ने पिछले कुछ महीनों में मुंबई और उसके आसपास के प्रमुख इलाकों में अच्छी प्रगति की है। कंपनी का एक खास प्रोजेक्ट जेनिथ है। यह ठाणे वेस्ट में पोखरण रोड के पास स्थित एक हाई-एंड रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट की कीमत लगभग 180 करोड़ है और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में अच्छे घरों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। इसके अलावा कंपनी इसी क्षेत्र में करीब ?500 करोड़ के और बड़े रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इन प्रोजेक्ट्स को अप्रैल 2026 में शुरू किया जाएगा। इससे कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट बाजार में अपनी मजबूत पकड़ और बढ़ाएगी। हाउस ऑफ स्वामीराज के डायरेक्टर जेसन सैमुएल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, हमारा नजरिया हमेशा से सीधा-सादा रहा है। हम ऐसे घर बनाना चाहते हैं जिन पर लोग भरोसा कर सकें और जिन्हें अपना बनाने पर उन्हें गर्व महसूस हो। जैसे-जैसे रियल सेक्टर का बाजार बदल रहा है, हमारी भूमिका सिर्फ बिल्डिंगे खड़ी करना नहीं रह गया है, बल्कि ऐसी जगहें बनाना है जो लोगों के जीने के तरीके में सचमुच एक बदलाव ला सकें।

## धनबीर कपूर ने भास्कर ट्रॉफी में जीता मैन ऑफ द मैच




-प्रो डॉ दयानंद तिवारी

मुंबई (उत्तरशक्ति)। शहर के उभरते युवा क्रिकेट प्रतिभा के धनी धनबीर कपूर ने प्रतिष्ठित भास्कर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ह्यमैन ऑफ द मैचह्न का खिताब अपने नाम किया है। यह मुकाबला 20 मार्च 2026 को चर्चगेट स्थित क्रॉस मैदान में अंडर-12 श्रेणी के अंतर्गत खेला गया, जिसमें धनबीर कपूर ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

उल्लेखनीय है कि भास्कर ट्रॉफी का आयोजन Mumbai Cricket Association (एमसीए) के तत्वावधान में किया जाता है, जो मुंबई क्रिकेट जगत का एक प्रतिष्ठित मंच है। ऐसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में यह उपलब्धि प्राप्त करना धनबीर के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि धनवीर कपूर मूलतः एक उत्कृष्ट गेंदबाज (bowler) के रूप में जाने जाते हैं, लेकिन हाल के समय में उनकी बल्लेबाजी में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। अब वे एक ऑलराउंडर के रूप में उभरते नजर आ रहे हैं। उनकी गेंदबाजी की धार और बल्लेबाजी की मजबूती यह दशार्ती है कि उनमें एक बड़े खिलाड़ी बनने की पूरी क्षमता मौजूद है। क्रिकेट विशेषज्ञों और खेल प्रेमियों का मानना है कि इतनी कम उम्र में जिस प्रकार का संतुलन, समर्पण और प्रदर्शन धनवीर दिखा रहे हैं, वह उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर स्पष्ट संकेत करता है। निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने वाले समय में धनवीर कपूर राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बनाने में अवश्य सफल हो सकते हैं। धनवीर कपूर की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि समूचे खेल जगत और समाज में गर्व की भावना उत्पन्न हुई है। लोगों ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह सफलता अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

## होटल आदर्श पैलेस में भगवान राम के जीवन पर संवाद



मुंबई(उत्तरशक्ति)। रामनवमी के अवसर पर मुंबई के होटल आदर्श पैलेस में भगवान राम के जीवन पर संवाद में राजनीतिक विश्लेषक निरंजन परिहार, वरिष्ठ पत्रकार मनोज तिवारी, लटियाल माता संस्थान के रमेश थानवी, राजस्थान प्रेस क्लब के संरक्षक जगदीश पुरोहित सहित कुछ प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया। इस परिचर्चा का निष्कर्ष यही रहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भगवान राम के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में उतारकर एक बेहतर मनुष्य बनने का पर्व है, जिसे मानवता के आशीर्वाद के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

## भारत वैभव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय का मुम्बई आगमन पर स्वागत



मुंबई(उत्तरशक्ति) भारत वैभव पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय के मुम्बई आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

ज्ञात हो कि श्री पाण्डेय 05 मार्च को मुम्बई से पार्टी के विस्तार हेतु ड्राइवर जोड़ो सद्भावना यात्रा‍ एवं जनसंपर्क अभियान के तहत राजनीतिक यात्रा पर निकले थे। इस यात्रा का शुभारंभ 08 मार्च को सिकरारा, जौनपुर में होली मिलन समारोह के रूप में हुआ। इसके पश्चात यह यात्रा भदोही, सुल्तानपुर, वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर, बहराइच एवं लखनऊ होते हुए 22 मार्च को जंतर-मंतर, नई दिल्ली पहुँची, जहाँ राष्ट्रीय ड्राइवर संयुक्त मोर्चा समिति द्वारा आयोजित धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में उन्होंने सहभागिता की। जनसंपर्क अभियान का समापन 23 मार्च को अंबेडकर भवन, नई दिल्ली में हुआ। इस दौरान श्री पाण्डेय ने देश के विभिन्न वर्गों–समाजसेवियों, वकीलों, व्यापारियों, बुद्धिजीवियों एवं युवाओं–से संवाद स्थापित कर वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया तथा आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सहयोग एवं समर्थन की अपील की। इस अभियान के दौरान वासुदेव फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद यादव, ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद पाण्डेय, जनहित सेवा समिति के संरक्षक हृदय नारायण यादव, यदुवंशी सेना के अध्यक्ष एडवोकेट गौरीशंकर यादव, इंडिया लाइव टीवी न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. सुनील वर्मा, उपसंपादक वेद प्रकाश द्विवेदी, ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव गुलाब सिंह, सुनील दुबे, राष्ट्रीय ड्राइवर संयुक्त मोर्चा समिति के संस्थापक सुमेर अम्बावत सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। मुम्बई पहुंचने पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों–महासचिव राजरतन सिंह, साहेब लाल शर्मा, सचिव अजय मिश्रा, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह, अभिषेक मिश्रा, राम अभिलाष गुप्ता एवं अजय गुप्ता–ने माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया। भारत वैभव पार्टी ने इस अभियान को जनसमर्थन का प्रतीक बताते हुए आने वाले समय में इसे और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

## अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी विद्यालय का 15 नवंबर को होगा शिलान्यास: अजय प्रजापति



मुंबई (उत्तरशक्ति) संतनाम बीए एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, सतना द्वारा अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी के नाम पर विद्यालय की स्थापना की जा रही है। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का शिलान्यास 15 नवंबर 2026, रविवार को किया जाएगा। संस्था की ओर से उपाध्यक्ष अजय प्रजापति ने जानकारी में बताया कि इस विद्यालय का उद्देश्य समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करना है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समाज के वरिष्ठ एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रप्रकाश प्रजापति करेंगे। इस अवसर पर देशभर से प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे, जिनमें अजय प्रजापति उपाध्यक्ष मुंबई से, वेदप्रकाश प्रजापति (दिल्ली), प्रभूलाल प्रजापति (राजस्थान), संतोष कुमार प्रजापति, गिरीश गोले, दीपक कुमार गांधी, अरविंद प्रजापति, आरती शास्त्री, डॉ. पूनम भारती, कृष्णा प्रजापति (दिल्ली) एवं मितेश प्रजापति (सूरत), डॉ अरुण प्रजापति, उत्तरप्रदेश महिला सदस्य अंजू प्रजापति सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने सभी समाजबंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## NDTV के 20 वर्षों के अनुभव से सजे सुनील सिंह के नए अध्याय की शुरूआत




मुंबई। मुंबई में आज एक खास और प्रेरणादायक पल देखने को मिला, जब वरिष्ठ पत्रकार सुनील सिंह, एडिटर- स्पेशल प्रोजेक्ट्स, श्रेष्ठ भारत, के नए ऑफिस का शुभ उद्घाटन हुआ। इस मौके पर कई प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी गरिमामय बना दिया। सुनील सिंह का नाम पत्रकारिता की दुनिया में ईमानदारी, निष्पक्षता और समर्पण का पर्याय बन चुका है। NDTV में करीब 20 वर्षों तक सीनियर रिपोर्टर के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने न केवल कई महत्वपूर्ण खबरों को जन-जन तक पहुंचाया, बल्कि अपनी सच्ची और निडर रिपोर्टिंग से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य भी किया। उनकी पत्रकारिता हमेशा तथ्यों पर आधारित, निर्भीक और जनहित में रही है, जिसने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई। उनकी कार्यशैली में सच्चाई के प्रति अडिग रहना और हर परिस्थिति में निष्पक्ष रहना साफ झलकता है। यही वजह है कि लंबे करियर में उनकी छवि एक बेदाग और भरोसेमंद पत्रकार के रूप में बनी रही है। आज के दौर में जहां पत्रकारिता कई चुनौतियों से गुजर रही है, वहां सुनील सिंह जैसे व्यक्तित्व प्रेरणा का स्रोत हैं। इस अवसर पर दिलशाद एस. खान, एडिटर-मुंबई हलचल, ने भावुक होते हुए कहा कि उनका और सुनील सिंह का साथ करीब 20 वर्षों पुराना है। उन्होंने बताया कि दोनों ने हर सुख-दुख में एक-दूसरे का साथ निभाया है। दिलशाद खान ने यह भी कहा कि सुनील सिंह ने हमेशा ईमानदारी और निष्ठा के साथ पत्रकारिता की है और इतने लंबे समय में उनके करियर पर कभी कोई दाग नहीं लगा – जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

## भारतीय संगीत को नई पहचान दे रहे हैं डॉ. रतिश तागडे



मुंबई। भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। बदलते समय के साथ यह संगीत लगातार नए रूपों में सामने आता रहा है। इसी संदर्भ में प्रख्यात वायलिन वादक और सेंटर फॉर रिसर्च एंड प्रमोशन ऑफ इंडियन म्यूजिक (सीआरपीआईएम) के अध्यक्ष डॉ. रतिश तागडे भारतीय शास्त्रीय संगीत को आधुनिक तकनीक और नई पीढ़ी से जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। डॉ. तागडे इससे पहले भारत का पहला 24-घंटे का शास्त्रीय संगीत Insync स्थापित कर चुके हैं। उस समय यह एक अनोखी पहल मानी गई थी, क्योंकि शास्त्रीय संगीत के लिए समर्पित प्रसारण मंच उपलब्ध नहीं था। इस चैनल के माध्यम से देश और दुनिया के श्रोताओं तक लगातार शास्त्रीय संगीत पहुँचाने का प्रयास किया गया। इसी दिशा में उन्होंने सीआरपीआईएम की स्थापना की। इस संस्था का उद्देश्य भारतीय संगीत के अध्ययन, शोध और प्रचार-प्रसार को संस्थागत स्वरूप देना है। सीआरपीआईएम के अंतर्गत चल रहे बैठक नेटवर्क के माध्यम से शास्त्रीय संगीत की अंतरंग बैठकों की परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है, जहाँ कलाकार और श्रोता के बीच सीधा संवाद संभव होता है। तकनीकी बदलावों के इस दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी संगीत के क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी है। डॉ. तागडे का मानना है कि भारतीय शास्त्रीय संगीत की आत्मा राग विस्तार और इम्प्रोवाइजेशन में है। पाश्चात्य शास्त्रीय संगीत जहाँ लिखित शीट म्यूजिक पर आधारित होता है, वहीं भारतीय संगीत गुरु-शिष्य परंपरा से विकसित हुआ है। ऐसे में एआई को एक डिजिटल शिष्य की तरह देखा जा सकता है।

डॉ. तागडे ने स्विस स्कुल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट, स्विट्जरलैंड से डॉक्टरेट किया है। उनका शोध विषय था कि डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारंपरिक संगीतकारों के लिए बेहतर राजस्व मॉडल कैसे विकसित किए जा सकते हैं। आज जेन जी पीढ़ी मोबाइल और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से संगीत सुनती है। दिलचस्प बात यह है कि कई युवा सोशल मीडिया पर शास्त्रीय संगीत की रील्स बनाते हुए भी दिखाई देते हैं। डॉ. तागडे का मानना है कि भारतीय शास्त्रीय संगीत ने इतिहास में कई बदलावों के बावजूद अपनी मौलिकता और प्रामाणिकता को हमेशा सुरक्षित रखा है। यदि परंपरा और तकनीक के बीच संतुलन बनाए रखा जाए, तो यह संगीत भविष्य में और अधिक व्यापक रूप से दुनिया तक पहुँचेगा।

## जौनपुर महोत्सव में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाही किला में आयोजित जौनपुर महोत्सव में जनपद के मास्टर एथलीट्स का सूबे के खेल एवं युवा विकास मंत्री गिरीश चंद्र यादव द्वारा प्रतिभा सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले एथलीट्स में मछलीशहर विकास खण्ड के जिलाजीत यादव, संतोष यादव, कमलेश कुमार, विनय कुमार, करंजाकला विकास खंड के धर्मेश यादव और बरसठी विकास खण्ड के अजित यादव शामिल रहे। ज्ञात हो कि इन खिलाडियों ने विगत एक वर्ष में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हुए 20 से अधिक पदक जीतने में कामयाबी हासिल की है। उत्तर प्रदेश सरकार से इन खिलाडियों के सम्मानित होने पर जनपद के खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। सिकंदर बहादुर मौर्य, राज बहादुर समाजसेवी, विजय श्याम यादव, राहुल, संतोष कुमार, प्रकाश चन्द्र, कुंवर सिद्धार्थ, जितेंद्र यादव आदि ने खिलाडियों के सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया है।

## विधायक राजन नाईक को मिली चिथनूर विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक जिम्मेदारी



वसई रोड। केरल विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने नालासोपारा के विधायक राजन नाईक को चिथनूर विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी है। यह मेरे लिए गर्व के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण दायित्व भी है। आज गॉड्स ओन कंट्री के नाम से प्रसिद्ध इस पवित्र भूमि पर कदम रखने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर पहुंच चुका हूँ और आगामी कुछ दिनों तक चिथनूर विधानसभा क्षेत्र का व्यापक दौरा करूंगा। इस दौरान स्थानीय पदाधिकारियों, कार्यकताओं और आम नागरिकों से संवाद स्थापित किया जाएगा। केरल में भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को सशक्त बनाने के लिए हजारों कार्यकताओं ने संघर्ष किया है और त्याग किया है। उनके समर्पण और बलिदान के कारण ही आज पार्टी की नींव मजबूत हुई है। हम सभी कार्यकर्ताओं के योगदान को नमन करते हैं और उनके सपनों को साकार करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लेते हैं।

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान, इकलौते बेटे की मौत से गांव में मातम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के रसूलहा गांव में बीती रात एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रसूलहा गांव निवासी 28 वर्षीय सौरभ सेठ ने अज्ञात कारणों के चलते देर रात अपने घर के कमरे में पंखे से रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। काफी देर तक कमरे का दरवाजा बंद रहने पर परिजनों को संदेह हुआ। दरवाजा खोलने पर युवक का शव फंदे से लटका मिला, जिसे देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## जौनपुर में दो विकास परियोजनाओं को मिली हरी झंडी, 279.64 लाख होंगे खर्च

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के विकास और सांस्कृतिक उत्थान की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए नगर विधायक एवं खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए कुल 279.64 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। पहली परियोजना के तहत वंदन योजना के अंतर्गत मियापुर स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर के अवस्थापना एवं जीर्णोद्धार के लिए 113.75 लाख की स्वीकृति दी गई है। गोमती तट पर स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। दूसरी परियोजना के तहत कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अंतर्गत सदर तहसील के डेरायुसूफ में 165.89 लाख की लागत से आधुनिक गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। इस गौशाला में 500 गौवंशों के रहने की व्यवस्था के साथ शेड, वेटरनरी क्लिनिक, चारा गोदाम और बायोगैस प्लांट जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने इन परियोजनाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व का परिणाम बताया और इसके लिए मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस संबंध में जानकारी राज्यमंत्री के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव द्वारा दी गई है।

## श्री राम मंदिर राणगांव में श्री राम नवमी पर पहुंची स्नहा दूबे



वसई रोड। स्नेहा दुबे पंडित ने राणगांव स्थित श्री राम मंदिर राणगांव में श्री राम नवमी के पावन अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस शुभ अवसर पर श्री राम मंदिर कमेटी, राणगांव द्वारा आयोजित धार्मिक एवं भक्ति कार्यक्रम में शामिल होने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने भगवान श्री राम के चरणों में भावपूर्ण दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में उनके साथ रामदास मेहर, वसई विरार शहर जिला महासचिव बिजेंद्र कुमार, सुधीर मेहर, जितेंद्र मेहर, देवदत्त मेहर, संतोष मेहर, सागर मेहर, प्रभाकर मेहर, वसंत मेहर, राजेश पाटिल, गौरव मेहर, अजीत मेहर, अमर मेहर, निपुण दोशी, निनाद नाइक, विजय मेहर सहित बड़ी संख्या में भक्तगण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस पावन आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। सभी ने भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलते हुए समाज में एकता, सद्भावना और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## गर्मी से पहले पावर प्लान पर एक्शन मोड में सरकार

### *ऊर्जा मंत्री की सख्ती: अंडरग्राउंड केबलिंग, ट्रिपिंग और आपूर्ति पर कड़े निर्देश

### * जनता को बेहतर बिजली देना सरकार की प्राथमिकता

### * अंडरग्राउंड केबलिंग और ढांचागत सुधार पर फोकस



वाराणसी। आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने बिजली आपूर्ति को लेकर कमर कस ली है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सर्किट हाउस वाराणसी में विद्युत विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर तैयारियों का बारीकी से आकलन किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गर्मी में किसी भी हाल में बिजली संकट बर्दाश्त नहीं होगा। ऊर्जा मंत्री ने अंडरग्राउंड केबलिंग कार्यों को तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जर्जर तारों को बदलने, ओवरलोडिंग की समस्या खत्म करने और एक महीने के भीतर बांस-बल्ली की जगह सुरक्षित एवं स्थायी संरचना विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने साफ कहा कि आमजन को सुरक्षित, बेहतर और निर्बाध विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विद्युत उपकेंद्रों पर जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपात स्थितियों से निपटने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम को सक्रिय रखने और फॉल्ट रेस्पॉन्स सिस्टम को और प्रभावी बनाने के आदेश दिए गए।

बैठक में ट्रिपिंग की समस्या पर विशेष चर्चा हुई। ऊर्जा मंत्री ने इसे न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही अनुरक्षण कार्यों में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, संकट मोचन मंदिर और ताज होटल जैसे महत्वपूर्ण स्थलों की विद्युत आपूर्ति की विशेष समीक्षा की गई। मंत्री ने इन स्थानों पर चौबीसों घंटे निर्बाध बिजली सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को कोई परेशानी न हो।

ऊर्जा मंत्री ने पूर्वांचल के सभी जिलों की बिजली व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित विद्युत वितरण सुनिश्चित किया जाए। अनावश्यक कटौती की स्थिति किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी शंभू कुमार, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।